MPMETRO

**METRO NEWS**

**1st FEBRUARY,2023**

# Bhopal

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | NAI DUNIA | Bhopal | 01.02.2023 | 06 | डीबी माल के सामने 28 दिन चलेगा मेट्रो का काम रात दस से सुबह पाँच बजे तक बंद रहेगा मार्ग | Neutral |

नईदुनिया

# डीबी माल के सामने 28 दिन चलेगा मेट्रो का काम
# रात दस से सुबह पांच बजे तक बंद रहेगा मार्ग

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** बोर्ड आफिस चौराहा से डीबी माल तक का मार्ग अगले 28 दिनों तक बंद रहेगा। मेट्रो रेल कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि यहां पर स्टेशन का निर्माण किया जाना है। जो एक फरवरी से 28 फरवरी तक चलेगा। इस दौरान बोर्ड आफिस से डीबी माल तक मार्ग रात्रि में 10 बजे से सुबह पांच बजे तक आवागमन के लिए प्रतिबंधित रहेगा।

बता दें कि डीबी माल के सामने मेट्रो स्टेशन के लिए पिलर्स बनकर तैयार हो गए हैं। अब इसमें स्लैब डाला जा रहा है, इसके बाद गार्डर लांच होना है। ऐसे में राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रात में यह मार्ग बंद किया जा रहा है। इसकी जगह एमपी नगर से जेल रोड व डीबी माल की ओर जाने वाले वाहन बोर्ड आफिस चौराहा से बायें मुड़ेंगे और नर्मदा भवन चौराहा, जेल रोड सर्कल होते हुए डीबी माल की ओर आगे बढ़ेंगे। इसी तरह जेल रोड या डीबी माल से जाने वाले वाहन थद्दाराम काम्प्लेक्स और ज्योति टाकीज चौराहा से होते हुए एमपी नगर जाएंगे।

## हाईकोर्ट ने कोलार सिक्स लेन मामले में मांगा जवाब

**जबलपुर (नप्र)।** हाईकोर्ट ने कोलार सिक्स लेन मामले में दायर जनहित याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के बाद जवाब-तलब कर लिया है। इस सिलसिले में राज्य शासन, प्रमुख सचिव आवास एवं पर्यावरण विभाग, संभागायुक्त भोपाल, नगर निगम आयुक्त भोपाल, मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी को नोटिस जारी किए गए हैं। मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। इस दौरान जनहित याचिकाकर्ता भोपाल निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एडवोकेट मोहन दीक्षित की ओर से अधिवक्ता विकास कुमार शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि कोलार सिक्स लेन योजना शुरुआत से विवादों में घिरी रही है। इसका व्यापक जनहित प्रभावित होने का तर्क देकर विरोध किया गया। इसके बावजूद हालत जस की तस बनी रही। कई तरह की अनियमितता की शिकायतें सामने आईं। लिहाजा, शिकायतों का निराकरण आवश्यक है। इसी मंशा से व्यापक जनहित में हाईकोर्ट की शरण ली गई है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 01.02.2023 | 02 | आज से पूरी फरवरी बोर्ड ऑफिस चौराहा से डीबी सिटी चौराहा तक रात 10 से सुबह 5 बजे तक नो एंट्री | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 01-02-2023
Pg-J2

# आज से पूरी फरवरी बोर्ड ऑफिस चौराहा से डीबी सिटी चौराहा तक रात 10 से सुबह 5 बजे तक नो एंट्री




सिटी रिपोर्टर | भोपाल

डीबी सिटी मॉल के सामने निर्माणाधीन मेट्रो स्टेशन की गर्डर लॉन्चिंग की जानी है। इस काम के लिए 1 से 28 फरवरी तक बोर्ड ऑफिस चौराहा से डीबी सिटी चौराहा तक रात 10 बजे से सुबह 5 बजे तक ट्रैफिक बंद रहेगा। ट्रैफिक प्लान के अनुसार एमपी नगर से जेल रोड और डीबी सिटी मॉल की ओर जाने वाली गाड़ियां बोर्ड ऑफिस चौराहा से बाएं मुड़ेंगी और बोर्ड ऑफिस चौराहा, नर्मदा भवन चौराहा, जेल रोड सर्किल होते हुए आगे डीबी सिटी मॉल की ओर जाएंगी। इसी तरह जेल रोड और डीबी सिटी मॉल से एमपी नगर की ओर जाने वाली गाड़ियां बाएं मुड़ेंगी और डीबी सिटी मॉल चौराहा से एमपी नगर के जोन के भीतर थद्दाराम कॉम्प्लेक्स से ज्योति चौराहा होते हुए एमपी नगर जोन-2 में जा सकेंगी।

## रात 10 के बाद डीबी सिटी के गेट-3 से निकल सकेंगे बाहर

मेट्रो के इस रूट डायवर्जन के कारण डीबी सिटी मॉल से रात 10 बजे के बाद बाहर आने वाले लोग मॉल के गेट नंबर 3 से शौर्य स्मारक की तरफ बाहर निकल सकेंगे। यहां से वाहन व्यापमं चौराहे की तरफ आकर न्यू मार्केट, अरेरा कॉलोनी या भेल की तरफ जा सकेंगे। और शौर्य स्मारक से वल्लभ भवन रोटरी की तरफ आकर पुराने शहर की ओर जा सकेंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | Dainik Jagran | Bhopal | 01.02.2023 | 03 | फरवरी में रात भर बंद रहेगा बोर्ड ऑफिस से डीबी माल चौराहा का रास्ता | Neutral |



# फरवरी में रात भर बंद रहेगा बोर्ड ऑफिस से डीबी मॉल चौराहा का रास्ता



भोपाल, जाप्र। मेट्रो प्रोजेक्ट की वजह से शहर का एक और प्रमुख मार्ग बंद किया जा रहा है। बोर्ड ऑफिस चौराहा और डीबी मॉल चौराहा के बीच मेट्रो स्टेशन के गर्डर लॉन्च किए जाना हैं। ऐसे में इन दोनों चौराहों के बीच का रास्ता एक से 28 फरवरी तक रात दस से सुबह पांच बजे तक बंद रहेगा। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन ने ट्रैफिक पुलिस की अनुमति से परिवर्तित ट्रैफिक का प्लान जारी किया है।

## परिवर्तित मार्ग से ऐसे गुजरेगा ट्रैफिक

- एमपी नगर से जेल रोड और डीबी सिटी मॉल की ओर जाने वाली गाड़ियां बोर्ड ऑफिस चौराहा से बाएं मुड़ेंगी और नर्मदा भवन चौराहा, जेल रोड सर्कल होते हुए आगे या डीबी मॉल की ओर जाएंगी
- जेल रोड और डीबी मॉल से एमपी नगर की ओर आने वाली गाड़ियां बाएं मुड़ेंगी और डीबी मॉल चौराहा, थद्दाराम कॉम्पलेक्स चौराहा, ज्योति टॉकीज चौराहा होते हुए एमपी नगर की ओर जाएंगी

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | Times of India | Bhopal | 01.02.2023 | 02 | Night Traffic will remain closed for a month in MP Nagar | Neutral |


# Night traffic will remain closed for a mnth in MP Ngr

## Board Office-Gurudev Gupt Sq Stretch Out Of Bounds From Today

TIMES NEWS NETWORK

**Bhopal:** Road connecting Board Office intersection to Gurudev Gupt intersection will remain closed for traffic during the night for a month from Tuesday, according to a press release.

**TRAFFIC DIVERSION PLAN FOR CONSTRUCTION OF METRO STATION**




**METRO WORK**

According to Madhya Pradesh Metro Rail Corporation limited (MPMRCL) the road will remain out of bounds for traffic movement for a month owing to construction work for metro rail station in the area.

The section between these two intersections will remain completely closed from February 1 to February 28 from 10 PM till 5 AM, MPMRCL press release stated.

MPMRCL has requested the public for cooperation. Work of the Bhopal Metro project is in progress and in order to launch the metro station girder between both these squares traffic will be diverted.

Vehicles from MP Nagar towards Arera Hills shall take a left turn at Board Office Square and proceed via Board Office Square, Narmada Bhawan Square, Jail Road intersection.

Vehicles coming from Arera Hills, Jail Road, MP Nagar will take a left turn and proceed towards Thadda Ram Complex Square and Jyoti Cinema intersection.

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | Free Press | Bhopal | 01.02.2023 | 06 | Metro Girder Launch between Board Office, DB Mall | Neutral |

**Metro girder launch between Board Office, DB Mall**

Bhopal: Under the ongoing Metro project, metro girder launching work will take place between Board Office and DB Mall. From the security point of view, the path between both square will remain closed from February 1 - 28 and duration of it would be from 10 pm to 5 am. During this period, vehicles will be diverted on other routes.


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | राज एक्स्प्रेस | Bhopal | 01.01.2023 | 04 | मेट्रो ट्रेन के दोड़ने से पहले अप्रैल में आएगा विशेष डिब्बा, लोग देख सकेंगे | Neutral |

## आज से एक महीने बंद रहेगा बोर्ड ऑफिस चौराहा से डीबी माल चौराहा का रास्ता

### मेट्रो स्टेशन पर गर्डर होंगे लांच, सुबह 10 से शाम 5 बजे तक चलेगा काम

भोपाल(आरएनएन)। बोर्ड ऑफिस चौराहा से डीबी माल चौराहा के बीच मेट्रो स्टेशन के गर्डन की लांचिंग बुधवार से शुरू हो रही है। इसको देखते पूरे एक महीने तक यहां का रास्ता बंद रहेगा। मेट्रो कंपनी के मुताबिक सुबह 10 से शाम 5 बजे तक काम होगा। सुरक्षा के लिहाज से यह पूरा रूट वर्किंग टाईम में बंद रहेगा।

हालांकि विकल्प के रूप में ट्रैफिक पुलिस के सहयोग से आसपास के रास्तों पर आवागमन चालू रहेगा, ताकि जाम की स्थिति न बने। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुताबिक बोर्ड ऑफिस चौराहा और डीबी माल चौराहे के बीच मेट्रो स्टेशन गर्डर लांच करने के लिए सुरक्षा लिहाज से इन दोनों चौराहे के बीच का भाग 1 फरवरी से 28 फरवरी तक रात्रि 10 बजे से सुबह 5 बजे तक पूरी तरह बंद रहेगा। इस समयावधि में सभी गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से जाएंगी।



### एक महीने बदला रहेगा रूट

एमपी नगर से जेल रोड और डीबी माल की ओर जाने वाली गाड़ियां बोर्ड आफिस चौराहे से बाएं मुड़ेंगी और बोर्ड ऑफिस चौराहा, नर्मदा भवन चौराहा, जेल रोड सर्कल होते हुए आगे या डीबी सिटी माल की और जाएंगी। जेल रोड और डीबी माल से एमपी नगर की ओर आने वाली गाड़ियां बाएं मुड़ेंगी और डीबी सिटी माल चौराहा, थद्दाराम काम्प्लेक्स चौराहा, ज्योति सिनेमा चौराहा होते हुए एमपी नगर की और जाएंगी। मेट्रो रेल कॉरपोरेशन लिमिटेड शहरवासियों से अपील करते हुए कहा है कि सुरक्षा के लिहाज से मेट्रो निर्माण कार्य स्थल के आसपास आने से बचें। यदि जरूरी हो तो आने-जाने के लिए परिवर्तित मार्ग का ही उपयोग करें।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | राज एक्स्प्रेस | Bhopal | 2.2.2023 | 01 | मेट्रो परियोजनाओ के लिए 19,518 करोड़ आवंटित | Neutral |

Pg-01

भोपाल
गुरुवार, 2 फरवरी 2023
(माघ शुक्ल पक्ष द्वादशी 2079)
वर्ष 18 अंक 318, पृष्ठ 12, मूल्य ₹ 2.50

सच कहने का साहस और सलीका

राज एक्सप्रेस

■ भोपाल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर

www.rajexpress.co
twitter.com/rajexpressnews
www.facebook.com/rajexpressnews
यह क्यू आर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर

## मेट्रो परियोजनाओं के लिए 19,518 करोड़ आवंटित

सरकार ने वित्त वर्ष 2023-24 के आम बजट में देशभर की विभिन्न मेट्रो परियोजनाओं के लिए कुल 19,518 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने लोकसभा में अपने बजट भाषण में कहा कि अमृत काल के लिए हमारी दृष्टि में मजबूत लोक वित्त और मजबूत वित्तीय क्षेत्र के साथ प्रौद्योगिकी संचालित और ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था शामिल है।

**MPMETRO**

**METRO NEWS**

**3rd FEBRUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 08 | Nav Dunia | Bhopal | 03.02.23 | 04 | मई तक पूरा हो जाएगा जीजी फ्लाइओवर का काम, सितंबर मे दोड़गी मेट्रो | Neutral |

# मई तक पूरा हो जाएगा जीजी फ्लाईओवर का काम, सितंबर में दौड़ेगी मेट्रो



विकास की ओर बढ़ता शहर... एमपी नगर में निर्माणाधीन मेट्रो प्रोजेक्ट और गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर के बीच बनाए जा रहे जीजी फ्लाईओवर के तैयार होने से शहर की गति में बढ़ोतरी होगी। इसका काम 90 फीसद तक पूरा हो चुका है। सितंबर 2023 से मेट्रो का संचालन शुरू हो जाएगा। ● प्रवीण दीक्षित

- तीन मिनट से कम समय में तय हो जाएगी पांच किलोमीटर की दूरी
- गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर के बीच बनाया जा रहा है जीजी फ्लाईओवर

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** राजधानी के व्यावसायिक क्षेत्र में शामिल एमपी नगर में दो बड़ी निर्माण योजनाओं का काम चल रहा है। इसमें एक मेट्रो रेल प्रोजेक्ट और दूसरा गायत्री मंदिर से गणेश मंदिर (जीजी) के बीच बनाए जा रहे फ्लाईओवर का निर्माण शामिल है। हालांकि, इसकी वजह से अभी अरेरा हिल्स से सावरकर सेतु तक यात्रियों को आवागमन में परेशानी हो रही है। लेकिन इसके बनने के बाद पांच किलोमीटर की दूरी तय करने में तीन मिनट से भी कम समय लगेगा।

बता दें कि मप्र मेट्रो कार्पोरेशन लिमिटेड सुभाष नगर से एम्स तक प्रायोरिटी कारिडोर का निर्माण करा रहा है। इसका 90 प्रतिशत सिविल वर्क पूरा हो गया है। जबकि इसके वायडक्ट में रेलवे ट्रैक बिछाने और रोलिंग स्टाक से संबंधित कार्य किए जाने हैं।

मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार सितंबर 2023 से इसका शुभारंभ करना है। हालांकि, मेट्रो प्रोजेक्ट में हो रही देरी की वजह से इसका ट्रायन रन सुभाष नगर डिपो से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक ही किया जाएगा। इधर, जीजी फ्लाईओवर का काम भी तेजी से चल रहा है। पीडब्ल्यूडी के एसडीओ रवि शुक्ला ने बताया कि जीजी फ्लाईओवर का 75 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। इसकी समय-सीमा दिसंबर 2022 तक निर्धारित की गई थी। लेकिन कोराना की वजह से छह माह का एक्सटेंशन दिया गया है। जिससे अब जीजी फ्लाईओवर का निर्माण मई 2023 तक पूर्ण होगा।

### मेट्रो परियोजना पर एक नजर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 30 | नवंबर 2018 को प्रोजेक्ट को मंजूरी मिली | 6,941 | करोड़ मेट्रो प्रोजेक्ट की कुल लागत |
| 19 | अगस्त 2019 एमओयू साइन हुआ | 6.2 | किलोमीटर (अब पांच किमी) प्रायरिटी कारिडोर |
| 29 | दिसंबर 2020 ज्वांइट वेंचर की पहली बैठक | 226 | कितने पिलर बनेंगे |
| 01 | सितंबर 2023 प्रायरिटी कारिडोर में संचालन की सीमा | 216 | कितनों पर गर्डर लांचिंग हुई |
| | | 27 | मेट्रो कार भोपाल के लिए |

### ऐसा है जीजी फ्लाईओवर

| | | | |
|---|---|---|---|
| 20 | दिसंबर 2020 परियोजना का शुभारंभ | 75 | प्रतिशत सिविल वर्क पूर्ण |
| 2734 | मीटर फ्लाईओवर की लंबाई | 01 | मई 2023 समय-सीमा पहले दिसंबर 2022 थी |
| 15 | मीटर फ्लाईओवर की चौड़ाई | 126 | करोड़ रुपये है लागत |
| 92 | पिलर बनेंगे | 10 | हजार वाहन एक घंटे में निकलेंगे |
| | | 91 | गर्डर लांच होंगे |

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 09 | दैनिक भास्कर | Bhopal | 03.02.23 | 02 | सर्वे में पता चला मेट्रो रूट के आसपास प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त बढ़ी | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 03-02-2023 Pg-J4

# भोपाल फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर शुक्रवार 03 फरवरी, 2023

**कलेक्टर गाइडलाइन** • इस महीने होने वाली उपमूल्यांकन समिति की बैठक में रखी जाएगी अफसरों द्वारा तैयार सर्वे रिपोर्ट

## एमपी नगर और स्मार्ट सिटी एरिया में नहीं बढ़ेंगी प्रॉपर्टी की कीमतें, मेट्रो रूट के 50-50 मी. दायरे के बाद 5 से 10% तक रेट बढ़ाने की तैयारी

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

अजय वर्मा | भोपाल

जमीनों के दाम तय करने के लिए कलेक्टर गाइडलाइन बनाने का काम चल रहा है। शहर के विभिन्न लोकेशन पर किस रेट पर प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त हो रही है। किस इलाके में मुख्य मार्गों का फोर से सिक्सलेन और 8 लेन किए जाने का काम चल रहा है। उस हिसाब से प्रॉपर्टी के दाम तय किए जाएंगे। राजधानी में प्रस्तावित मेट्रो के रूट के 50-50 मीटर दायरे में प्रॉपर्टी के दाम नहीं बढ़ेंगे।

वजह मेट्रो रूट के लिए भविष्य में जमीनों के अधिग्रहण किया जाना है। वहीं दूसरी तरफ मेट्रो रूट के आसपास बनी कॉलोनियों के रेट में बदलाव करने की तैयारी चल रही है। इसकी वजह मेट्रो रूट बनने से यहां के आसपास प्रॉपर्टी कीमतें बढ़ेंगी। रूट के 50 मीटर दायरे के बाद कई जगह पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की योजना है। इसलिए आसपास के कॉलोनियों में प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़ोतरी किया जाना प्रस्तावित किया जाएगा। बीडीए द्वारा विकसित की गई एयरोसिटी, रक्षा विहार, गोंदरमऊ के अलावा मिसरोद फेस-2 में प्रॉपर्टी के वर्तमान दामों में बदलाव किया जाएगा।

**3897** लोकेशन दर्ज हैं गाइडलाइन में

**131** लोकेशन पर 5 से 10% तक प्रॉपर्टी के दाम बढ़ाना प्रस्तावित किया है।

**4,48,400** रजिस्ट्री हायर रेट पर हुई 2022 में मध्यप्रदेश में।

**बीडीए द्वारा विकसित किए गए एयरोसिटी, रक्षा विहार, गोंदरमऊ में रीसेल वाली प्रॉपर्टी के दाम में बढ़ोतरी होगी**

**मेट्रो रूट के 50 मीटर दायरे के बाद कई जगह पर कमर्शियल कॉम्प्लेक्स बनाने की चल रही है तैयारी**

### सर्वे में पता चला मेट्रो रूट के आसपास प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त बढ़ी

सूत्रों ने बताया कि मेट्रो का पहला रूट करोंद चौराहे से डीआईजी बंगला, भोपाल टॉकीज, रेलवे स्टेशन, भारत टॉकीज, बोगदा पुल, सुभाष नगर, एमपी नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, हबीबगंज नाका, अल्कापुरी बस स्टैंड, साकेत नगर स्थित एम्स का है। इस रूट के 50-50 मीटर दायरे के बाहर हजारों की संख्या में निजी प्रॉपर्टी है। रूट बनने से यहां की प्रॉपर्टी की वैल्यू बढ़ेगी। इसलिए 5 से 10 फीसदी तक प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ाया जाना प्रस्तावित किया गया है। पंजीयन विभाग के अफसरों ने अफसरों ने बताया कि प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त किस तरह से बढ़ी है। इसके लिए सर्वे किया गया तो पता चला कि जिस इलाके से मेट्रो के रूट प्रस्तावित हैं।

### एमपी नगर पूरी तरह से कमर्शियल हो चुका है, इसलिए नहीं बढ़ा रहे रेट

एमपी नगर और स्मार्ट सिटी एरिया में प्रॉपर्टी की कीमतें नहीं बढ़ाई जाएंगी। इसकी वजह एमपी नगर पूरी तरह से कमर्शियल हो चुका है। इसलिए यहां पर होने वाली रजिस्ट्री अब कमर्शियल रेट पर हो रही है। अफसरों को चिंता है कि यदि थोड़े भी दामों में इजाफा किया जाएगा तो पहले से बढ़े हुए रेट से ओर ज्यादा प्रॉपर्टी के दाम हो जाएंगे। इसलिए यहां पर प्रॉपर्टी के दाम नहीं बढ़ाने जाने पर विचार किया गया है। इसी तरह राज्य सरकार के स्मार्ट सिटी एरिया में पहले से तय की गई कीमतों को ही लागू रखा जाएगा। यहां पर किसी प्रकार की प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की जा रही है।

### कोलार और अयोध्या बायपास के आसपास बढ़ेंगे प्रॉपर्टी के रेट

कोलार रोड को फोर से सिक्स लेन किया किए जाने काम शुरू हो गया है। इसके बनने से आसपास की प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त भी बढ़ गई है। कोलार से होशंगाबाद रोड की कनेक्टिविटी भी बढ़ी है। नए ब्रिज आने से नई कॉलोनियां डेवलप हो रही हैं। इसलिए कोलार के हिनोतिया आलम, इनायतपुर, आईबीडी के आसपास के एरिया में प्रॉपर्टी की कीमतों में बढ़ोतरी प्रस्तावित की जाएगी। यहां पर भी 5 से 10 फीसदी के बीच ही प्रॉपर्टी की कीमतें तय की जाएंगी। बावड़िया इलाके में भी प्रॉपर्टी की कीमतें बढ़ेंगी। शहर के अयोध्या नगर बायपास चार लेन से 8 लेन किया जाएगा। इसके बनने से आसपास नहीं कॉलोनियां डेवलप होंगी। इस रोड पर भी प्रॉपर्टी की नए सिरे से कीमतें तय की होंगी।

मेट्रो न्यूज

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 10 | Star Samachaar | Bhopal | 03.02.2023 | 07 | इंदौर मेट्रो परियोजना के कार्यों से संतुष्ट हुआ दल | Neutral |



### एडीबी के प्रतिनिधियों ने की विभिन्न कार्यों की समीक्षा

# इंदौर मेट्रो परियोजना के कार्यों से संतुष्ट हुआ दल

स्टार समाचार | भोपाल

एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधि मंडल ने एडीबी सहायतित जल-प्रदाय और सीवेज परियोजनाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के कार्य की समीक्षा भी की। समीक्षा करते हुए दल ने इंदौर मेट्रो परियोजना की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के निदेशक श्री अजय शर्मा और शोभित टंडन ने एडीबी प्रतिनिधियों को मेट्रो रेल प्रोजेक्ट की प्रगतिरत कार्य की जानकारी दी। प्रतिनिधि-मण्डल ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस से भी सौजन्य भेंट की। एडीबी के प्रतिनिधि-मण्डल ने सांची भ्रमण कर जल-प्रदाय और सीवरेज परियोजना का जायजा भी लिया। प्रतिनिधि-मंडल में एशियन डेव्हलपमेंट बैंक के कार्यकारी निदेशक समीर खरे के साथ डिप्टी कंट्री डायरेक्टर हो यूं जियोंग, बोआडोकफेंग चांसवत, विवेक विशाल शामिल हैं। मध्यप्रदेश अर्बन डेव्हलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता दीपक रत्नावत ने एडीबी सहायतित परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। उल्लेखनीय है कि एडीबी की सहायता से प्रदेश के 131 निकायों में जल-प्रदाय और 9 निकायों में सीवरेज परियोजना का कार्य प्रगतिरत है।

MPMETRO

# METRO NEWS

## 5th FEBRUARY,2023

# भोपाल

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 05.02.23 | 06 | इंदौर मेट्रो ट्रेन; डिजाइन का काम पूरा, 20 तक पटरी बिछाना शुरू करेंगे | Neutral |

**स्टेट विंडो**

## इंदौर मेट्रो ट्रेन; डिजाइन का काम पूरा, 20 तक पटरी बिछाना शुरू करेंगे

**इंदौर|** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट में ट्रायल रन के लिए सितंबर तक काम पूरा हो जाए, इसके लिए ढाई गुना लेबर बढ़ाई गई है। ढाई माह से अटके ड्राइंग व डिजाइन का काम भी पूरा हो चुका है। कोच की डिजाइन भी फाइनल हो चुकी है। वड़ोदरा में कोच बनाए जाएंगे। 15 मार्च तक पीयर्स आर्म का काम पूरा करने का लक्ष्य है। 20 फरवरी तक पटरी बिछाना शुरू करेंगे। शनिवार को सांसद शंकर लालवानी ने मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट की समीक्षा की। अफसरों ने बताया कि सितंबर तक ट्रायल रन का काम पूरा हो जाएगा। अगस्त तक ट्रैक तैयार हो जाएगा। इससे पहले प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने रूट का निरीक्षण किया।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 12 | दैनिक जागरण | भोपाल | 05.02.2023 | 06 | तैयार होगा लगे मेट्रो रेल के कोच | Neutral |

# तैयार होने लगे मेट्रो रेल के कोच

**कॉर्पोरेशन के एमडी ने की इंदौर के प्रोजेक्ट की समीक्षा**

**जागरण प्रतिनिधि, भोपाल।** भोपाल और इंदौर में मेट्रो चलाने की तैयारियां तेजी से चल रही है। मेट्रो रेल के कोच बनने लगे हैं। मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी एमडी मनीष सिंह को दी। एमडी इंदौर में सांसद शंकर लालवानी के साथ सुपर कॉरीडोर के कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। सिंह ने साइट पर जाकर निरीक्षण भी किया। उन्होंने अधिकारियों व ठेकेदारों को श्रमिक, मानव संसाधन और वाहनों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए ताकि दिन-रात निर्माण कार्य जारी रह सके। जियो मैपिंग व बची हुई ड्रॉइंग जल्द पूरी करने के लिए कहा। बैठक में सांसद ने मौजूदा प्रगति पर संतोष जताया। साथ ही सितंबर तक मेट्रो का ट्रायल रन होने का विश्वास जताया। इस दौरान निदेशक परियोजना शोभित टंडन, डायरेक्टर सिस्टम केसी चौहान व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | Free Press | Bhopal | 05.02.2023 | 08 | Rs.7200 Cr funding for Indore Metro | Neutral |

# Rs ₹7,200 crore funding for Indore Metro

## ADB recently held review meeting with Urban Development Department

OUR STAFF REPORTER
city.indore@fpj.co.in

The Indore Metro is expecting to get funding to the tune of Rs 7,200 crore through loans from the Asian Development Bank and the National Development Bank.

Officials of the Madhya Pradesh Metro Rail Corporation Limited told the Free Press on Saturday that the ADB recently conducted a review meeting with the Urban Development Department in which they discussed several projects including the Indore Metro Project. The team of the bank also learnt about the work progress (of the Indore Metro Project) from the officials present at the meeting. They will also send a team to inspect the work progress.

After the physical inspection, the bank officials will decide on the amount of loan. Meanwhile, on Saturday, the MPMRCL MD, Manish Singh, visited the city and along with MP Shankar Lalwani, he took a review meeting regarding the progress of the Metro project.

He instructed the officials to speed up the work and focus on the super priority corridor which is planned from Radisson Square to the Super Corridor.

He gave them an ultimatum to work as per the deadline and ensure that a trial run could be held either in August or September 2023.

### HIGHLIGHTS OF REVIEW MEETING

- The officials informed MP Lalwani about the progress through a presentation. He directed to prepare a bar chart to depict the work progress
- Models of all the Metro stations shown to MP Lalwani and MD Singh. MP Lalwani said the stations should adhere to international standards.
- The design and drawings ahead of the super corridor were also directed to be finalised soon so that the construction work could continue without delay
- He closely observed the progress of several construction works including stabling line, auxiliary sub-station, receiving substation, operation control centre, out way ramp and other parts of the Gandhinagar Metro Depot

FREE PRESS Sun, 05 February 2023
https://epaper.freepressjournal.in/c/71599605

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | **Raj Express** | भोपाल | 5.2.2023 | 05 | अगस्त अंत तक पटरी पर दिखेगी इंदौर भोपाल मेट्रो | Neutral |

**राज एक्सप्रेस**

Clip Article Image View Comments Email Print

Published in 05 Feb-2023 print edition of Raj Express

# अगस्त अंत तक पटरी पर दिखेगी इंदौर-भोपाल मेट्रो



## सभी कार्य समय पर और गुणवत्तापूर्ण होने पर जोर, मेनपावर बढ़ाएंगे

**भोपाल/इंदौर(आरएनएन)।** यदि इसी गति से मेट्रो का काम चलता रहा तो इंदौर और भोपाल में अगस्त अंत या सितंबर के प्रथम सप्ताह में हम मेट्रो को पटरी पर देख सकेंगे। पिछले दो माह से मेट्रो के काम में काफी तेजी आई है। निर्माण एजेंसियों ने मेनपावर के साथ तकनीकी संसाधन भी जुटा लिए हैं।

उक्त बात मप्र मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रबंध संचालक मनीष सिंह और इंदौर सांसद शंकर ललवानी ने शनिवार को मेट्रो के निर्माण कार्यों की इंदौर में समीक्षा और निरीक्षण के दौरान कही। इस दौरान उनके साथ निर्माण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। अधिकारियों ने समीक्षा के दौरान प्रस्तुतिकरण के माध्यम से अद्यतन प्रगति से अवगत कराया। एमडी ने निर्माण सामग्रियों की आपूर्ति के पूर्व अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री विजिट कर गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं सांसद ललवानी ने कार्य की प्रगति के लिए बार चार्ट तैयार कर प्रोजेक्ट के सिस्टम एवं सिविल वर्क के समानान्तर संचालन के निर्देश दिए। इस दौरान एमडी मनीषसिंह ने मेट्रो के सभी स्टेशनों के माडल से सांसद को रूबरू कराया। इस पर सांसद ने स्टेशनों पर आम जनता के लिए सुगम जानकारी तथा जागरुकता के लि समुचित प्रचार सामग्रियों के विषय पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही सुपर कारिडोर के आगे मेट्रोल की डिजाईन और ड्राइंग को भी जल्द ही अंतिम रूप दिए जाने पर जोर दिया।

इसके बाद एमडी और सांसद ने अधिकारियों के साथ कार्य का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी अजय शर्मा, निदेशक शोभित टंडन, महाप्रबंधक केसी चौहान, महाप्रबंधक मनीष गंगारेकर व अन्य अधिकारियों के साथ जनरल कंसलटेंट एवं कानेट्रेक्टर्स के प्रतिनिधि भी मौजूद थे।

### इनका कहना है.....

सरकार की मंशानुरूप मेट्रो का कार्य संतोषप्रद है। 6 किमी के ट्रायल रूट के अलावा भी कार्यों को समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। इसके लिए मानव और तकनीकी संसाधन बढ़ाने पर 5जोर दिया जा रहा है। मेट्रो के ट्रेक और कोचेस जहां बन रहे हैं, वहां अधिकारियों के दल के साथ मैं खुद गुणवत्ता परखने जाएंगे।

**मनीष सिंह,** एमडी, मेट्रो रेल कारपोरेशन

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 15 | People's Samachar | Bhopal | 05.02.23 | 03 | इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट: सितंबर में ट्रायल रन करने की तयारी | Neutral |

# इंदौर मेट्रो रेल प्रोजेक्ट : सितंबर में ट्रायल रन करने की तैयारी

## आठ माह में 40 फीसदी काम पूरा करने का लक्ष्य

पीपुल्स संवाददाता • इंदौर
मो.नं. 9826055574

इंदौर के बहुप्रतीक्षित मेट्रो रेल की प्रगति को लेकर शनिवार को इंदौर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। सितंबर 2023 तक ट्रायल रन के लक्षित उद्देश्यों को लेकर सांसद शंकर लालवानी और मेट्रो प्रोजेक्ट के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान कॉन्ट्रेक्टर के साथ मेट्रो रेल से जुड़े अधिकारियों ने स्टेटस रिपोर्ट दी। कॉन्ट्रेक्टर को डेडलाइन पर काम पूरा करने को कहा गया है।

### 5.9 किमी के ट्रैक के लिए इसी महीने आ जाएंगी पटरियां

मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर स्टेशन का काम तेजी से चल रहा है। यहां तीन लेन बनाई जा रही हैं। दो लेन आने-जाने की और एक लेन डिपो से कनेक्ट होगी। पहले चरण के तहत सुपर कॉरिडोर पर 5.9 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर सितंबर 2023 में ट्रायल रन किया जाना है। यहां 60% काम पूरा हो चुका है। 40% काम बाकी है। पटरियां, कोच आने सहित अन्य काम होना बाकी हैं। फरवरी के दूसरे पखवाड़े में पटरियां इंदौर पहुंच जाएंगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 16 | Navbharat | Bhopal | 06.02.2023 | 09 | निर्धारित समय सीमा में होगा मेट्रो का ट्रायल रन | Neutral |



9 भोपाल, सोमवार, 6 फरवरी, 2023

# निर्धारित समय सीमा में होगा मेट्रो का ट्रायल रन

**इंदौर, 5 फरवरी. शनिवार को सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर-मेट्रो रेल के निर्माण प्रगति कार्यों को लेकर प्रबंध संचालक औक मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. इससे पूर्व मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक मनीषसिंह ने मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कान्ट्रेक्टर के साथ इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया.**

## निर्माणाधीन काम समय पर पूरा करें

प्रबंध संचालक ने गाँधी नगर मेट्रो डिपो में निर्माणाधीन इंस्पेक्शन वे, स्टेब्लिगलाइन, ऑकिजलरीसबस्टेशन 1×2, रिसीविंग सब स्टेशन, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर, आउट दे रैम्प आदि समेत कई निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया तथा निर्माणाधीनकार्यों को ससमय पूरा करने के निर्देश दिए. प्रबंध संचालक ने सभी प्रकार के निर्माण कार्यों को गति देने के लिए अधिकारियों एवं कॉन्ट्रैक्टरोंको श्रमिकों, मानव संसाधनों एवं वाहनों को समुचित संख्या में बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे दिन-रात निर्माण कार्य को और गति मिले. प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को द्रुतगति में लाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए. साथ ही किसी प्रकार की समस्या को अविलम्ब उनके संज्ञान में लाने की बात कही.

## सांसद ने ली समीक्षा बैठक, प्रबंध संचालक ने किया मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण

सांसद को प्रगति से संबंधित आवश्यक जानकारी दी. समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने सांसद को अद्यतन प्रगति से प्रस्तुति के माध्यम से अवगत कराया. प्रबंध संचालक ने निर्माण सामग्रियों के आपूर्ति के पूर्व अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री विजिट कर गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने की जानकारी दी. सांसद ने निर्माण कार्य की प्रगति के लिए बार चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया. साथ ही वे प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण एवं चुनौतियों से भी अवगत हुए. उन्होंने प्रोजेक्ट के सिस्टम एवं सिविल वर्क के समानांतर संचालन का भी निर्देश दिया. प्रबंध संचालक ने सांसद को सभी स्टेशनों के मॉडल से भी अवगत कराया. सांसद ने मॉडल को अत्यधिक आकर्षक बनाये जाने के निर्देश दिये. उन्होंने स्टेशनों पर आमजन के लिए सुगम जानकारी तथा जागरूकता के लिए समुचित प्रचार सामग्रियों के विषय पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. साथ ही बैठक में सुपर कॉरिडोर के आगे के डिजाइन और ड्राइंग्स को भी जल्द ही अंतिम रूप दिये जाने का निर्देश दिया ताकि निर्माण कार्य अविलंब जारी रहे. सांसद ने यह स्पष्ट किया कि वर्तमान में निर्माण कार्य बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है और स्थानीय कलाकारों को मेट्रो परियोजना से संबंधित जागरूकता अभियान में प्राथमिकता से मौका दिया जाएगा. साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा सितंबर में ट्रायल रन की जो निर्धारित समय सीमा रखी गई है, उसे हम ससमय पूर्ण करने में सफल होंगे.

प्रबंधसंचालक ने गाँधी नगर स्टेशन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया. उन्होंने स्टेशन निर्माण की प्रगति पर संतोष जताया. साथ ही निर्देश दिए कि पीयर आर्म के कार्य 15 मार्च तथा ट्रैक के लिए आई तथा पाई-गर्डर के कार्य मई माह में पूर्ण हो जाने चाहिए. प्रबंध संचालक ने यह भी निर्देश दिए कि जियो मेपिंग तथा बची हुई ड्रॉइंग भी जल्द पूरी हो जानी चाहिए. प्रबंधक संचालक के निरीक्षण कार्यक्रम में मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी परियोजना निदेशक अजय शर्मा, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, महाप्रबंधक सिविल के. सी. चौहान, महाप्रबंधक मनीष गंगारेकर, कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसलटेंट के वरीय अधिकारी तथा कॉन्ट्रैक्टर्स प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. प्रबंध संचालक को अधिकारियों ने अवगत करवाया गया कि मेट्रो कोचेस बनाने का कार्य प्रगति पर चल रहा है.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 17 | Navbharat | Bhopal | 06.02.2023 | 09 | निर्धारित समय सीमा में होगा मेट्रो का ट्रायल रन | Neutral |





# निर्धारित समय सीमा में होगा मेट्रो का ट्रायल रन

इंदौर, 5 फरवरी. शनिवार को सांसद शंकर लालवानी ने इंदौर-मेट्रो रेल के निर्माण प्रगति कार्यों को लेकर प्रबंध संचालक और मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की. इससे पूर्व मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध संचालक मनीषसिंह ने मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारियों एवं कान्ट्रेक्टर के साथ इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया.

## निर्माणाधीन काम समय पर पूरा करें

प्रबंध संचालक ने गाँधी नगर मेट्रो डिपो में निर्माणाधीन इंस्पेक्शन वे, स्टेब्लिंगलाइन, ऑक्जिलरीसबस्टेशन 1×2, रिसीविंग सब स्टेशन, ऑपरेशन कंट्रोल सेंटर, आउट वे रैम्प आदि समेत कई निर्माण कार्यों की प्रगति का अवलोकन किया तथा निर्माणाधीनकार्यों को ससमय पूरा करने के निर्देश दिए. प्रबंध संचालक ने सभी प्रकार के निर्माण कार्यों को गति देने के लिए अधिकारियों एवं कॉन्ट्रैक्टरोंको श्रमिकों, मानव संसाधनों एवं वाहनों को समुचित संख्या में बढ़ाने के निर्देश दिए, जिससे दिन-रात निर्माण कार्य को और गति मिले. प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य को द्रुतगति में लाने के लिए हरसंभव प्रयास करने के निर्देश दिए. साथ ही किसी प्रकार की समस्या को अविलम्ब उनके संज्ञान में लाने की बात कही.

## सांसद ने ली समीक्षा बैठक, प्रबंध संचालक ने किया मेट्रो प्रोजेक्ट का निरीक्षण

सांसद को प्रगति से संबंधित आवश्यक जानकारी दी. समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने सांसद को अद्यतन प्रगति से प्रस्तुति के माध्यम से अवगत कराया. प्रबंध संचालक ने निर्माण सामग्रियों के आपूर्ति के पूर्व अधिकारियों द्वारा फैक्ट्री विजिट कर गुणवत्ता सुनिश्चित किए जाने की जानकारी दी. सांसद ने निर्माण कार्य की प्रगति के लिए बार चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया. साथ ही वे प्रायोरिटी कॉरिडोर के निर्माण एवं चुनौतियों से भी अवगत हुए. उन्होंने प्रोजेक्ट के सिस्टम एवं सिविल वर्क के समानांतर संचालन का भी निर्देश दिया. प्रबंध संचालक ने सांसद को सभी स्टेशनों के मॉडल से भी अवगत कराया. सांसद ने मॉडल को अत्यधिक आकर्षक बनाये जाने के निर्देश दिये. उन्होंने स्टेशनों पर आमजन के लिए सुगम जानकारी तथा जागरूकता के लिए समुचित प्रचार सामग्रियों के विषय पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया. साथ ही बैठक में सुपर कॉरिडोर के आगे के डिजाइन और ड्राइंग्स को भी जल्द ही अंतिम रूप दिये जाने का निर्देश दिया ताकि निर्माण कार्य अविलंब जारी रहे. सांसद ने यह स्पष्ट किया कि वर्तमान में निर्माण कार्य बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है और स्थानीय कलाकारों को मेट्रो परियोजना से संबंधित जागरूकता अभियान में प्राथमिकता से मौका दिया जाएगा. साथ ही मुख्यमंत्री द्वारा सितंबर में ट्रायल रन की जो निर्धारित समय सीमा रखी गई है, उसे हम ससमय पूर्ण करने में सफल होंगे.

प्रबंधसंचालक ने गाँधी नगर स्टेशन के निर्माण कार्यों का जायजा लिया. उन्होंने स्टेशन निर्माण की प्रगति पर संतोष जताया. साथ ही निर्देश दिए कि पीयर आर्म के कार्य 15 मार्च तथा ट्रैक के लिए आई तथा पाई-गर्डर के कार्य मई माह में पूर्ण हो जाने चाहिए. प्रबंध संचालक ने यह भी निर्देश दिए कि जियो मैपिंग तथा बची हुई ड्रॉइंग भी जल्द पूरी हो जानी चाहिए. प्रबंधक संचालक के निरीक्षण कार्यक्रम में मेट्रो के वरिष्ठ अधिकारी परियोजना निदेशक अजय शर्मा, निदेशक सिस्टम शोभित टंडन, महाप्रबंधक सिविल के. सी. चौहान, महाप्रबंधक मनीष गंगारेकर, कॉरपोरेशन के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, जनरल कंसलटेंट के वरीय अधिकारी तथा कॉन्ट्रैक्टर्स प्रतिनिधि भी मौजूद रहे. प्रबंध संचालक को अधिकारियों ने अवगत करवाया गया कि मेट्रो कोचेस बनाने का कार्य प्रगति पर चल रहा है.

**METRO NEWS**

**8th FEBRUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 18 | पत्रिका | भोंपाल | 7.2.2023 | 03 | जनप्रतिनिधि मेट्रो प्रोजेक्ट में तेजी के लिए लेंगे बैठक | Neutral |

# जनप्रतिनिधि मेट्रो प्रोजेक्ट में तेजी के लिए लेंगे बैठक

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट में मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन अब जनप्रतिनिधियों की भागीदारी बढ़ाएगा। आगामी समय में सांसद विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण और समीक्षा बैठक की जाएगी इससे मेट्रो प्रोजेक्ट में जनभागीदारी बढ़ाने व संबंधित शहर व उसके निवासियों में प्रोजेक्ट के प्रति विश्वास बढ़ाया जाएगा। हाल में इंदौर में सांसद शंकर लालवानी ने प्रोजेक्ट की समीक्षा की। भोपाल में सांसद साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर समेत विधायकों को प्रोजेक्ट को लेकर समीक्षा बैठक व निरीक्षण कराने की योजना है। इससे प्रोजेक्ट को लेकर संसद में भी बात रखने और इसके लिए बजट की संभावना बढ़ने की उम्मीद है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 19 | प्रदेश टुडे | भोपाल | 7.2.2023 | 03 | जनप्रतिनिधि मेट्रो प्रोजेक्ट में तेजी के लिए लेंगे बैठक | Neutral |

सिटी

3 प्रदेश टुडे भोपाल, मंगलवार, 07 फरवरी 2023

# जनप्रतिनिधि मेट्रो प्रोजेक्ट में तेजी के लिए लेंगे बैठक

**भोपाल।** मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट में मप्र मेट्रो रेल कॉरपोरेशन अब जनप्रतिनिधि की भागीदारी बढ़ाएगा। आगामी समय में सांसद, विधायक समेत अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण और समीक्षा बैठक की जाएगी। इससे मेट्रो प्रोजेक्ट में जनभागीदारी बढ़ाने और संबंधित शहर व उसके निवासियों में प्रोजेक्ट के प्रति विश्वास बढ़ाया जाएगा। इंदौर में सांसद शंकर लालवानी ने प्रोजेक्ट की समीक्षा की। भोपाल में सांसद साध्वी प्रज्ञासिंह ठाकुर समेत विधायकों को प्रोजेक्ट को लेकर समीक्षा बैठक और निरीक्षण कराने की योजना है। इससे प्रोजेक्ट को लेकर संसद में भी बात रखने और इसके लिए बजट की संभावना बढ़ने की उम्मीद है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | दैनिक भाकर | भोपाल | 8.2.2023 | 06 | विज्ञापन | Neutral |



मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

(भारत सरकार एवं मध्यप्रदेश शासन का संयुक्त उपक्रम)
द्वितीय तल, स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ऑफिस बिल्डिंग
कालीबाड़ी रोड, भेल, सेक्टर-ए, बरखेड़ा, भोपाल-462022

भर्ती के लिए विज्ञापन

मध्यप्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (MPMRCL), भारत सरकार और मध्यप्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम, भोपाल मेट्रो रेल परियोजना और इंदौर मेट्रो रेल परियोजना को मध्यप्रदेश राज्य में क्रियान्वित कर रहा है। तत्काल आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु MPMRCL द्वारा विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।

GM/AGM-CIVIL

नियुक्तियां MPMRCL के नियमों एवं शर्तों पर न्यूनतम 3 से 5 वर्ष के लिये संविदा/प्रतिनियुक्ति/पुनर्नियुक्ति के आधार पर होगी। यह विज्ञापन केवल सांकेतिक है। रिक्त पदों का विस्तृत विवरण एमपीएमआरसीएल वेबसाइट www.mpmetrorail.com के कैरियर विकल्प में उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी, 2023 है।

प्रबंध संचालक

म.प्र. माध्यम/108480/2023

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 21 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 09.02.2023 | 01 | भोपाल मेट्रो में 3 बोगी के एक ट्रेन सेट में 970 यात्री जा सकेंगे, कोच 35 साल चलेगा | Neutral |

दैनिक भास्कर भोपाल 09-02-2023 Pg-01

**हमारी मेट्रो की ABCD •** मेट्रो के लिए जरूरी चार अलग-अलग डिजाइन तीन राज्यों में तैयार हो रहे

# भोपाल मेट्रो में 3 बोगी के एक ट्रेन सेट में 970 यात्री जा सकेंगे, कोच 35 साल चलेगा

**वाया डक्ट में लगने वाले सेगमेंट की डिजाइन मुंबई आईआईटी बनाएगा...**

**भास्कर एक्सक्लूसिव**

विशाल त्रिपाठी | भोपाल

भोपाल-इंदौर मेट्रो रेल के निर्माण के लिए जरूरी चार अलग-अलग डिजाइन देश के तीन राज्यों में तैयार हो रहे हैं। इसकी बोगियां वड़ोदरा में बन रही हैं। 1400 करोड़ रु. में कंपनी एल्सटॉम ट्रांसपोर्ट इंडिया लिमिटेड भोपाल के लिए 81 और इंदौर के लिए 75 बोगियां बना रही है।

ये बोगियां कई मायने में खास होंगी। एक ट्रेन सेट में तीन बोगी होंगी। इसमें 970 यात्री सफर कर सकेंगे। एल्सटॉम बोगियों को ऐसे तैयार कर रही है ताकि भीड़ बढ़ने पर भी यात्री आसानी से सफर कर सकें। हर कोच 2.9 मी. चौड़ा और 22 मी. लंबा होगा। कंपनी ने यात्रियों का जो कैल्कुलेशन किया है, उस हिसाब से एक वर्ग मी. में 8 यात्री होंगे। इनमें खड़े और बैठने वाले यात्री शामिल हैं। इस हिसाब से एक बोगी को 970 यात्रियों लायक बनाया जा रहा है। इसके अलावा, मेट्रो प्रोजेक्ट में वायर डक्ट पर लगने वाले सेगमेंट (गर्डर) का डिजाइन अब आईआईटी मुंबई तैयार करेगा। मेट्रो कंपनी ने इसका ऑर्डर दे दिया है। अभी ये काम संबंधित कॉन्ट्रैक्टर कंपनी कर रही थी, जिसमें 2 से 3 महीने लग जाते हैं। मेट्रो कंपनी को 4 किमी का प्रायोरिटी कॉरिडोर बनाकर सितंबर 2023 में ट्रायल रन करना है। इसलिए सेगमेंट के स्टैंडर्ड डिजाइन का काम मुंबई आईआईटी से करवाया जा रहा है। भविष्य में यदि प्रदेश के किसी भी शहर में मेट्रो का काम होगा तो इसी स्टैंडर्ड साइज के सेगमेंट लगाए जाएंगे।

## दिल्ली में बिजली सिस्टम की डिजाइन.. मेट्रो को 2054 तक बिजली सप्लाई की प्लानिंग

- मेट्रो की बिजली व्यवस्था को स्पैनिश कंपनी आर्डुनो और रेलवे से संबंधित दिल्ली की कंपनी राइट्स ने डिजाइन किया है।
- यही दोनों कंपनियां मेट्रो के डिपो भी डिजाइन कर रही हैं। इसके लिए मेट्रो कंपनी 20 करोड़ रु. खर्च कर रही है। ये डिपो सुभाष नगर, रत्नागिरी और करोंद में बनाए जा रहे हैं।
- सुभाष नगर का काम शुरू हो गया है। यहां 132 केवी बिजली को 33 केवी में कन्वर्ट कर ट्रैक्शन सब स्टेशन सप्लाई करेंगे। इस अल्टरनेट करंट (एसी) को 750 वोल्ट डायरेक्ट करंट (डीसी) में तब्दील कर मेट्रो चलाएंगे।
- तीन ट्रैक्शन सब स्टेशन और 7 ऑक्जीलरी सब स्टेशन बनाए जा रहे हैं। ऑक्जीलरी सब स्टेशन में मेट्रो स्टेशन, एयरकंडीशनर, लिफ्ट व अन्य उपकरण चलाने के लिए काम किया जाएगा।

**ब्रेक में इनोवेशन**

### बोगियों में लगेंगे रीजनरेटेड ब्रेक, ये भी बनाएंगे बिजली

भोपाल-इंदौर मेट्रो के लिए बन रही बोगियों में दिन-रात के अनुसार ऑटोमेटिक एडजस्टेबल लाइट्स होंगी। इनमें रीजनरेटेड ब्रेकिंग सिस्टम होगा, जो ब्रेक लगने पर भी बिजली जनरेट करेगा। सभी कोच स्टेनलेस स्टील से तैयार किए जाएंगे, जिनकी उम्र 35 साल आंकी गई है।



### सुभाष नगर डिपो... गोविंदपुरा सब स्टेशन से अंडरग्राउंड केबलिंग

सुभाष नगर डिपो के लिए गोविंदपुरा सब स्टेशन से अंडरग्राउंड केबलिंग की जा रही है। मेट्रो कंपनी ने केवल इसके लिए ही बिजली कंपनी को 55 करोड़ रुपए अदा किए हैं। डिपो और सब स्टेशन के बीच एक रेलवे क्रॉसिंग भी आ रही है, जिसके नीचे से ही केबलिंग की जाएगी। रत्नागिरी और करोंद में भी रेलवे क्रॉसिंग मिल रही हैं, यहां भी अंडरग्राउंड केबलिंग की जाएगी।

### बेलास्ट लेस... 200 करोड़ में बन रहीं पटरियां

पटरियां और प्लिंथ बिछाने का काम मुंबई की एलएनटी कंपनी को दिया गया है। ये पटरियां बेलास्ट लेस होंगी। भोपाल-इंदौर के लिए मेट्रो कंपनी इस काम पर करीब 200 करोड़ रुपए खर्च कर रही है। दोनों शहरों में अभी इस पर काम शुरू होना बाकी है।

### 70 प्रतिशत टेंडरिंग प्रक्रिया जल्द पूरी होगी

*फरवरी अंत तक हम 70% टेंडरिंग प्रक्रिया पूरी कर लेंगे। समय बचाने और प्रायोरिटी कॉरिडोर का काम समय पर पूरा करने के मकसद से ही मुंबई आईआईटी से सेगमेंट डिजाइन करवाए जा रहे हैं। इंदौर की बची टेंडरिंग भी मार्च तक पूरी कर ली जाएगी।*

– **मनीष सिंह,** एमडी, मप्र मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड

MPMETRO

**METRO NEWS**

**10th FEBRUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 22 | Dainik Jagran | Bhopal | 10.02.2023 | 03 | जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अन्डरब्रिज का मार्ग 15 तक बंद रहेगा | Neutral |


राजधानी जागरण

दैनिक जागरण

भोपाल, 10 फरवरी, 2023

03

मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित www.djmp.in/epaper


## जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज का मार्ग 15 तक बंद रहेगा



भोपाल (शप्र)। भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत सुभाष नगर रेल्वे अंडर ब्रिज एवं स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक रोड़ बंद किया जाकर यातायात डायवर्सन किया गया था। डायवर्सन की अवधि अब 15 फरवरी तक बढ़ाई गई है। पंद्रह फरवरी तक जिंसी धर्म कांटा से सुभाष रेल्वे अंडर ब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णत बंद रहेगा। हल्के वाहन/ दुपहिया/ चार पहिया लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चैराहा, सुभाष नगर अण्डर ब्रिज एवं सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर जा सकेंगे। भारी व मध्यम वाहन/सभी बसें/ अनुमति प्राप्त वाहन लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा एवं सुभाष नगर ओव्हर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर जा सकेंगे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 23 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 10.02.2023 | 02 | 5 दिन ओर बंद रहेगा जिंसी धर्मकांटा से सुभाष नगर अन्डरब्रिज का रास्ता | Neutral |

भोपाल 10-02-2023

Pg-J2

मेट्रो प्रोजेक्ट

## 5 दिन और बंद रहेगा जिंसी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडरब्रिज का रास्ता

**भोपाल** | सुभाष नगर रेलवे अंडरब्रिज और स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन की फाउंडेशन बनाई जा रही है। जिसके चलते जिंसी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक रोड को बंद किया गया था। अब इस समयावधि को 5 दिन के लिए बढ़ाया गया है। ऐसे में 15 फरवरी तक इस सड़क से गुजरने वाला ट्रैफिक बदले हुए मार्ग से गुजरेगा। इस दौरान इस रूट पर सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। लिली टॉकीज और बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर अंडरब्रिज और सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर जा सकेंगे। लौटते वक्त वाहनों को इसी रास्ते का इस्तेमाल करना होगा। वहीं लिली टॉकीज व बोगदा पुल से मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहनों को बोगदा पुल, प्रभात चौराहा और सुभाष नगर आरओबी होकर जाना होगा। लौटने के लिए भी इसी रूट का इस्तेमाल करना होगा।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 24 | Raj Express | Bhopal | 10.02.23 | 03 | मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन के निर्माण कार्य के दौरान 6 दिन बंद रहेगा मार्ग | Neutral |



# मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन के निर्माण कार्य के दौरान 6 दिन बंद रहेगा मार्ग

भोपाल (आरएनएन)। भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के तहत सुभाष नगर रेलवे अंडरब्रिज व स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कारण जिंसी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडरब्रिज तक रोड बंद रहेगा। इस संबंध में यातायात डायवर्सन करने की समयावधि बढ़ाने की सूचना निर्माण कंपनी ने यातायात पुलिस को दी थी। सुरक्षित यातायात के मद्देनजर से निर्माण कार्य के दौरान 10 फरवरी से 15 फरवरी तक यातायात डायवर्ट रहेगा। इस दौरान जिंसी धर्मकांटा से सुभाष रेलवे अंडरब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहेगा। सिन्धी टॉकीज व बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले हल्के वाहन अथवा दुपहिया या चारपहिया वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर अंडरब्रिज और सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर जा सकेंगे।

**ये रहेगी आने-जाने की व्यवस्था...**

इसी प्रकार मैदा मिल से सिन्धी टॉकीज तथा बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर अंडरब्रिज, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, प्रभात चौराहा, बोगदा पुल व सिन्धी टॉकीज की ओर जा सकेंगे। सिन्धी टॉकीज व बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले भारी व मध्यम वाहन अथवा सभी बसें या अनुमति प्राप्त वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा अथवा सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर जा सकेंगे। इसी प्रकार मैदा मिल से सिन्धी टॉकीज व बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर ओवर ब्रिज से प्रभात चौराहा, बोगदा पुल व सिन्धी टॉकीज की ओर जा सकेंगे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 25 | Patrika | Bhopal | 10.02.23 | 04 | तीन साल में 30 किमी तक चलेगी मेट्रो, ट्रैक से लेकर सिग्नल तक निर्माण एजेंसीया तय | Neutral |

पत्रिका भोपाल प्राइम BHOPAL PRIME 04 पत्रिका patrika.com भोपाल, शुक्रवार 10 फरवरी 2023

**मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट:** सितंबर में रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक शुरू होगा ट्रायल

# तीन साल में 30 किमी तक चलेगी मेट्रो, ट्रैक से लेकर सिग्नल तक निर्माण एजेंसियां तय

360° पत्रिका बिग इश्यू

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो ट्रेन आगामी तीन साल में 30 किमी तक चलेगी। एम्स से करोंद और रत्नागिरी से भदभदा तक रेल नेटवर्क तैयार करने एजेंसियों को काम दिया जा चुका है। इन दोनों लाइनों पर रेलवे ट्रैक से लेकर सिग्नलिंग, ट्रैक की रैक और इसी तरह के अन्य तमाम काम करने के लिए एजेंसियां अभी से तय की जा चुकी हैं। सिर्फ सिविल का काम करने एजेंसी तय करना होगी और मेट्रो शहर के अन्य हिस्सों में दौड़ने लगेगी। फिलहाल मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन का पूरा ध्यान रानी कमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक के अपने चार किमी लंबाई वाले ट्रेक पर मेट्रो संचालन शुरू करने का है।

प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों का कहना है कि सितंबर में मेट्रो शुरू हो जाएगी तो सरकार के साथ आमजन में भी विश्वास बढ़ेगा कि मेट्रो चलाई जा सकती है। गौरतलब है प्रोजेक्ट के लिए करीब छह हजार करोड़ रुपए की योजना है। इसमें 50 फीसदी राशि यूरोपियन बैंक से मिलेगी। अब राशि मिलना शुरू होगी। प्रोजेक्ट से जुड़े अफसरों के अनुसार प्रायोरिटी कॉरीडोर में जो समय लगा है, इसे सुभाष ब्रिज से करोद और दूसरी लाइन में भदभदा से रत्नागिरी तक के काम में उसका 30 फीसदी ही लगेगा।

**एम्स से** करोंद और रत्नागिरी से भदभदा तक दो लाइनों पर तीन साल में मेट्रो का काम पूरा होगा



**750 डीसी थर्ड रेल सिस्टम से मेट्रो को मिलेगा करंट:** मेट्रो ट्रेन 750 डीसी थर्ड रेल सिस्टम से अपने ट्रेक पर दौड़ेगी। थर्ड रेल सिस्टम को इलेक्ट्रिक रेल या कंडक्टर रेल के रूप में भी जाना जाता है। इसमें एक रेलवे लोकोमोटिव या ट्रेन को डिब्बों के बीच में ही एक अतिरिक्त छोटा डिब्बा जोड़कर करंट दिया जाता है।

## अभी पांच रैक होंगे, हर 10 मिनट में ट्रेन

मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत दोनों लाइनों की 30 किमी लंबाई के अनुसार 27 रेक की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। फिलहाल पांच रैक ही आएंगे। दस मिनट में ट्रेन मिलेगी। ट्रैफिक बढ़ने के साथ ही रैक बढ़ाई जाएगी।

## सितंबर में स्कूल-कॉलेज के बच्चों को देंगे प्रशिक्षण

मेट्रो में सफर की झिझक खत्म करने स्कूल-कॉलेज के बच्चों के माध्यम से आमजन को मेट्रो स्टेशन पर आने और ट्रेन में सवारी करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके लिए पूरी योजना तैयार की गई है। सितंबर में जब प्रायोरिटी कॉरीडोर के एक भाग में मेट्रो का संचालन शुरू होगा, स्कूल- कॉलेज के बच्चों को ट्रायल रन में स्टेशन- ट्रेन में यात्रा कराई जाएगी। उन्हें मेट्रो में टिकटिंग से लेकर अन्य मामलों में जानकारी देंगे।

**30 फीसदी समय कम लगेगा:** अभी एम्स से सुभाषब्रिज तक करीब 6.22 किमी लंबाई का प्रायोरिटी कॉरीडोर तैयार किया जा रहा है। ये तैयार है, लेकिन गणेश मंदिर के पास रेलवे लाइन पर मेट्रो का ब्रिज बनने में समय लगेगा इसलिए इसे रानी कमलापति से सुभाषब्रिज तक चलाने का निर्णय लिया गया।

## मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट

| | |
|---|---|
| 14 | किमी से अधिक लंबाई की पहली मेट्रो लाइन एम्स से करोंद तक |
| 6.22 | किमी लाइन एम्स-सुभाष ब्रिज को प्रायोरिटी कॉरीडोर के तौर पर चुना |
| 3 | किमी लंबाई में रानी कमलापति से सुभाष ब्रिज तक सितंबर में मेट्रो चलाने की अब कोशिश |

- 3 कोच होंगे एक रैक में
- 6 कोच की मेट्रो ट्रेन दौड़ेगी आगामी समय में
- 7 हजार करोड़ रुपए शुरुआती लागत है
- 3300 करोड़ रुपए के करीब यूरोपियन बैंक से मिलेगा लोन

- मुंबई आईआईटी बनाएगा वाया डक्ट में लगने वाले सेगमेंट की डिजाइन
- मेट्रो के डिपो सुभाष नगर, रत्नागिरी और करोंद में बनाए जा रहे हैं।
- स्पैनिश कंपनी आईुनी और दिल्ली की कंपनी राइट्स ने डिजाइन की मेट्रो की बिजली व्यवस्था।
- 7 ऑक्जीलरी सब स्टेशन और तीन ट्रैक्शन सब स्टेशन बनाए जा रहे हैं।
- बोगियों में रीजनरेटेड ब्रेकिंग सिस्टम होगा, जो ब्रेक लगने पर भी बिजली जनरेट करेगा।
- सभी कोच स्टेनलेस स्टील से तैयार होंगे जिनकी उम्र 35 साल बताई जा रही है।

## चंबल 7 से मेट्रो को करंट

ट्रेन तो खुद के करंट से चलेगी, लेकिन मेट्रो स्टेशन समेत अन्य प्रोजेक्ट मे बिजली की जरूरत के लिए बिजली कंपनी की चंबल 7 लाइन से करंट लिया जा रहा है। इसके लिए लाइन का काम लगभग पूरा हो चुका है।

मेट्रो ट्रेन का काम काफी तेजी से चल रहा है। इससे आगे के नेटवर्क पर काम करने के लिए भी हमारी योजना है और एजेंसियां भी तय है। आगे का काम तेज गति से होगा।

**मनीषसिंह, एमडी,**
मप्र मेट्रो ट्रेन कॉरपोरेशन

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 26 | Patrika | Bhopal | 10.02.2023 | 04 | 15 मार्च तक जिंसी मार्ग बंद, मेट्रो रूट पर चल रहा है कार्य | Neutral |

पत्रिका भोपाल प्राइम BHOPAL PRIME 04 पत्रिका patrika.com
भोपाल, शुक्रवार 10 फरवरी 2023

## 15 मार्च तक जिंसी मार्ग बंद, मेट्रो रूट पर चल रहा है कार्य

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत सुभाष नगर रेलवे अंडर ब्रिज एवं स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउण्डेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कारण 10 फरवरी से 15मार्च तक यातायात डायवर्सन प्लान लागू रहेगा। जिंसी धर्म कांटा से सुभाष रेलवे अण्डर ब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। लिली टॉकीज और बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चैराहा, सुभाष नगर अण्डर ब्रिज और सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर जा सकेंगे। बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर अंडरब्रिज, प्रभात चैराहा, बोगदा पुल और लिलि टॉकीज की ओर जा सकेंगे।

MPMETRO

**METRO NEWS**

**11th FEBRUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 27 | Pradesh Today | Bhopal | 11.02.2023 | 05 | मेट्रो रूट पर चल रहा काम, 15 मार्च तक जिंसी मार्ग बंद | Neutral |

सिटी

5 प्रदेश टुडे भोपाल, शनिवार 11 फरवरी 2023

# मेट्रो रूट पर चल रहा काम, 15 मार्च तक जिंसी मार्ग बंद





भोपाल। भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत सुभाष नगर रेलवे अंडर ब्रिज एवं स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कारण 15 मार्च तक यातायात डायवर्सन प्लान लागू रहेगा। जिसी धर्म कांटा से सुभाष रेलवे अण्डर ब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा। लिली टॉकीज और बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर अण्डर ब्रिज और सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर जाएंगे।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 28 | Hari Bhoomi | Bhopal | 11.02.2023 | 01 Front Page | राजधानी में एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन की दूरी होगी 1 से 2 किमी, हर दो मिनट बाद आएगा स्टेशन, 30 सेकंड रुकने के बाद आगे बढ़ जाएगी मेट्रो | Neutral |



# भोपाल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 फरवरी 2023

7 ... मार्च तक भर सकेंगे, ...

8 रेहटी रोड पर 7 दुकानों में लगी भीषण आग, सारा ...

## सितंबर 2023 में सिर्फ ट्रायल, मेट्रो का सफर नए वर्ष 2024 में सीएमआरएस की मंजूरी के बाद

# राजधानी में एक स्टेशन से दूसरे स्टेशन की दूरी होगी एक से 2 किमी, हर दो मिनट बाद आएगा स्टेशन, 30 सेकंड रुकने के बाद आगे बढ़ जाएगी मेट्रो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल और इंदौर में मध्यप्रदेश मेट्रो रेल निगम का निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। सीएम शिवराज सिंह चौहान द्वारा दी गई डेडलाइन सितंबर 2023 में इसका ट्रायल करने की पूरी तैयारी है।

यह ट्रायल सुभाष नगर से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक किया जाना है, जिसके बीच में 5 स्टेशन बन रहे हैं। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल निगम ट्रायल के बाद कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) इस बात का सर्टिफिकेट देगा कि आम जनता के लिए इसे खोला जा सकता है। इस कारण जनता को मेट्रो का सफर करने के लिए ट्रायल के बाद 3 माह और इंतजार करना पड़ेगा, क्योंकि ट्रायल करने के बाद कमिश्नर मेट्रो रेल सेफ्टी (सीएमआरएस) का सर्टिफिकेट मिलने के बाद ही इसे जनता के लिए खोला जा सकेगा।

### ट्रायल समय सीमा में कर लिया जाएगा

भोपाल और इंदौर में मेट्रो का ट्रायल समय सीमा में कर लिया जाएगा। इसके बाद सीएमआरएस सर्टिफिकेट के लिए तीन माह का समय लग जाता है, इसलिए तीन माह बाद मेट्रो आम जनता के लिए खुल जाएगी।

मनीष सिंह, एमडी, मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड

### ट्रायल के 3 माह बाद शहर की जनता के लिए शुरू हो सकेगी मेट्रो

सीएमआरएस से सर्टिफिकेट मिलेगा

### फ्रांस की कंपनी अल्सटॉम को सौंपे हैं मेट्रो बोगी और अन्य काम

फ्रांस की वाहन कंपनी अल्सटॉम को भोपाल और इंदौर मेट्रो रेल परियोजनाओं के लिए मेट्रो ट्रेनों और विभिन्न प्रणालियों की आपूर्ति के लिए 3200 करोड़ रुपए का ठेका मिला है। मध्य प्रदेश मेट्रो रेल निगम लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) ने भोपाल और इंदौर मेट्रो परियोजनाओं के लिए अल्सटॉम को 15 साल के व्यापक रखरखाव के साथ 156 मोविया मेट्रो कार की आपूर्ति का ऑर्डर दिया है। अल्स्टॉम ने कहा कि इस परियोजना से इन दोनों भोपाल व इंदौर शहरों के 57 लाख से अधिक लोगों को लाभ होगा। 387 करोड़ यूरो यानी 3200 करोड़ रुपए से अधिक मूल्य के इस ऑर्डर में संचार आधारित ट्रेन नियंत्रण (सीबीटीसी) सिग्नलिंग प्रणाली के साथ ट्रेन नियंत्रण एवं दूरसंचार प्रणाली लगाने का काम शामिल है। कंपनी दोनों प्रणालियां का सात साल तक रखरखाव भी करेगी। अल्स्टॉम तीन कार के विन्यास में 52 मानक गेज मोविया मेट्रो यात्री ट्रेन सेट के डिजाइन, निर्माण, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण की भूमिका के लिए जिम्मेदार होगी। भोपाल के लिए 27 और इंदौर के लिए 25 ट्रेनें होंगी। मेट्रो रेल के निर्माण के लिए जरूरी चार अलग-अलग डिजाइन देश के तीन राज्यों में तैयार हो रहे हैं। इसकी बोगियां वड़ोदरा में बन रही हैं। 1400 करोड़ में कंपनी एल्सटॉम भोपाल के लिए 81 और इंदौर के लिए 75 बोगियां बना रही है।

### यह होगा यात्रा का समय

- *सुभाष नगर से केंद्रीय विद्यालय मैदा मिल पहुचने में दो से ढाई मिनट लगेंगे, स्कूटर और कार से भी इतना ही समय लगेगा।*
- *सिर्फ एक स्टेशन का सफर करना है तो मेट्रो तक पहुंचने और सफर करने के बाद स्टेशन से बाहर आने में लगेंगे 8 मिनट, कार व स्कूटर से 5 से 6 मिनट में पहुंचा जा सकता है।*
- *सुभाष नगर से केंद्रीय विद्यालय मैदा मिल पहुंचने में लगेंगे 2 मिनट, 30 सेकंड रुकेगी ट्रेन, मैदा मिल से गुरुदेव गुप्त चौराहा [illegible] मिनट, गुरुदेव गुप्त चौराहा से बोर्ड [illegible] मिनट, प्रगति पेट्रोल पंप से आरके[illegible] पहुंचने में लगेंगे ढाई मिनट।*
- *सुभाष नगर से आरकेएमपी तक पहुंचने में कार से 10 मिनट और स्कूटर से 7 मिनट का समय लगेगा। जबकि मेट्रो इससे कम समय पर पहुंच जाएगी।*

MPMETRO

**METRO NEWS**

**16th FEBRUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 29 | Hari Bhoomi | Bhopal | 16.02.23 | 03 | मेट्रो के यात्री सीधे रानी कमलापति रेल्वे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक से जुड़ेंगे | Neutral |

### सुभाष नगर से एम्स तक बनने वाले सभी 8 स्टेशन की डिजायन भी अलग-अलग होंगी

# मेट्रो के यात्री सीधे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक से जुड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल मेट्रो कंपनी द्वारा एम्स से सुभाष नगर के बीच 8 स्टेशन बनाए जा रहे हैं, जिनके डिजायन को अंतिम रुप दे दिया गया है। इस डिजायन के अनुसार सभी स्टेशन के डिजायन अलग-अलग जरूरत के अनुसार रहेंगे। इसमें सुभाष नगर और रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के बाहर बनने वाले मेट्रो स्टेशन फुटओवर ब्रिज से जुड़ेंगे।

सुभाष नगर में दो रूट की मेट्रो का चेंजर पॉइंट होने से सबसे बड़ा स्टेशन यहीं बनेगा, जबकि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक को फुटओवर ब्रिज के माध्यम से जोड़ा जा रहा है। क्योंकि मेट्रो स्टेशन को अगर सड़क से जोड़ा गया तो दिनभर ट्रैफिक जाम की स्थिति बन सकती है। यहां पर मेट्रो स्टेशन के दूसरी तरफ भी फुटओवर ब्रिज की सुविधा रहेगी, जिससे स्टेशन न जाने वाले यात्री रोड के दूसरी तरफ उतर कर गंतव्य स्थान या अपने वाहन की तरफ जा सकें।

मेन रोड का ट्रैफिक प्रभावित न हो इसलिए एफओबी से जुड़ेंगे रेलवे व मेट्रो स्टेशन




**दूसरे चरण का काम शुरू होना है**

भोपाल मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत पहले चरण में आठ किलोमीटरए एम्स से सुभाष नगर तक पिलर व रेलवे लाइन डालने का काम किया जा रहा है। इसके बाद सुभाष नगर से करोंद चौराहा तक करीब सात किलोमीटर की अंडर ग्राउंड लाइन डाली जाएगी। वहीं दूसरे चरण में रत्नागिरी चौराहा से भदभदा तक करीब 12 किलोमीटर का रूट बनाने का काम होगा। सरकार ने इस रेल प्रोजेक्ट के तहत दो रूटों पर मेट्रो संचालन वर्ष 2024 में शुरू करने का लक्ष्य रखा है।

**इन स्थानों पर बन रहे हैं स्टेशन**

एम्स से सुभाष नगर अंडरब्रिज तक आठ मेट्रो स्टेशन बनेंगे। इनमें एम्स, अलकापुरी, डीआरएम आफिस, रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, गुरुदेव गुप्त चौराहा, एमपी नगर जोन.1ए आयकर भवन और सुभाष नगर शामिल हैं। यह स्टेशन 100 मीटर लंबे और 14 मीटर चौड़े होंगे।

# METRO NEWS

**17th FEBRUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 30 | Nai Dunia | Bhopal | 17.02.23 | 02 | भोपाल ओर इंदौर मेट्रो स्टेशन पर लगेंगे प्लेटफॉर्म स्क्रीन डोर | Neutral |

02 नवदुनिया भोपाल, शुक्रवार 17 फरवरी, 2023 भोपाल सिटी www.naidunia.com

विकास की बात — मेट्रो स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने में मिलगी मदद, ट्रैक पर यात्रियों के गिरने का भी नहीं रहेगा डर

## भोपाल और इंदौर मेट्रो स्टेशन पर लगेंगे प्लेटफार्म स्क्रीन डोर

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** भोपाल और इंदौर मेट्रो स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए पीएसडी यानि प्लेटफार्म स्क्रीन डोर लगाए जाएंगे। इससे ट्रैक पर कूदकर आत्महत्या करने वालों पर रोक लगेगी। साथ ही किसी भी व्यक्ति के ट्रैक पर गिरने या चलती ट्रेन की चपेट में आने का जोखिम भी नहीं होगा। अमूमन ये दरवाजे केवल एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर ही लगाए जाते हैं। पीएसडी मेट्रो डोर ट्रैक और प्लेटफार्म के बीच कांच की दीवार के रूप में बैरियर का काम करती है। इसी में लगे दरवाजे मेट्रो ट्रेन के आने पर खुलते और बंद होते हैं।

मप्र मेट्रो कार्पोरेशन के अधिकारियों ने बताया कि दिल्ली व मुंबई समेत अन्य शहरों में दौड़ने वाली मेट्रो की लाइन ऊपरी हिस्से में है। लेकिन भोपाल और इंदौर मेट्रो की विद्युत लाइन ट्रैक के किनारे नीचे बिछाई जाएगी। ऐसे में यात्रियों को खतरे से बचाने के लिए सभी मेट्रो स्टेशनों में पीएसडी डोर लगाए जाएंगे। पीएसडी गेट दो तरह के होते हैं। प्लेटफार्म स्क्रीन के दरवाजे पूर्ण ऊंचाई और आधी ऊंचाई के होते हैं। मेट्रो और प्लेटफार्म के बीच अवरोधक के तौर पर कार्य करते हैं। मेट्रो के प्लेटफार्म पर रुकने के बाद ही पीएसडी गेट खुलते हैं। इससे मेट्रो परिचालन के दौरान न तो कोई गलती से ट्रैक पर गिर सकता है और न ही छलांग लगा पाएगा। पीएसडी गेट बेहतर भीड़ प्रबंधन में भी मदद करती है, क्योंकि यात्रियों को ट्रेन के दरवाजे खुलने के सटीक स्थान के बारे में पता होता है और वे उसी के अनुसार कतार में लग सकते हैं।

**अप्रैल में आएगा माकअप माडल:** मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुसार भोपाल और इंदौर में सितंबर 2023 से मेट्रो का ट्रायल रन शुरु करना है। इसके लिए निर्माण कार्यों की गति बढ़ा दी गई है। वहीं अप्रैल महीने में मेट्रो का माकअप (माडल डिब्बा) भोपाल आ जाएगा। जिससे जनता इसे देखकर मेट्रो के डिब्बों के बारे में समझ सकेंगे। फिलहाल मेट्रो रेल के अधिकारी जगह चिंहित कर रहे हैं, कि यह माडल डिब्बा कहां रखा जाए। इसके बाद जून महीने से मेट्रो रेल के हिस्सों की आपूर्ति शुरु हो जाएगी।



राजधानी मे तेजी से चल रहा है मेट्रो परियोजना का काम। ● नवदुनिया फाइल फोटो

### पीएसडी गेट से नियंत्रित होगा वेंटिलेशन

मेट्रो के स्टेशन पहुंचने से अक्सर हवा के झोंके महसूस होते हैं, इससे प्लेटफार्म पर खड़े यात्री असंतुलित महसूस करने लगते हैं। वहीं तेज रफ्तार से गुजरने के कारण हवा के तेज झोंके से तापमान में अचानक बदलाव नहीं होगा। इससे एसी के इस्तेमाल मे कम बिजली की जरूरत होगी। वेंटिलेशन को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। पीएसडी गेट से ध्वनि प्रदूषण कम होगा। इससे यात्रियों को प्लेटफार्म पर होने वाली उद्घोषणाएं सुनने मे भी दिक्कत नहीं होगी।

"हादसों को रोकने के लिए भोपाल व इंदौर मेट्रो के स्टेशनों मे प्लेटफार्म स्क्रीन डोर लगाने का निर्णय किया गया है। पारदर्शी शीशे के बीच मेट्रो रेल के दरवाजे जुड़े होंगे। जैसे ही मेट्रो प्लेटफार्म पर आएगी, रेल के दरवाजे और प्लेटफार्म स्क्रीन डोर एक साथ खुल जाएंगे।


\- मनीष सिंह, प्रबंध संचालक मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 31 | Nav Dunia | Bhopal | 21.02.23 | 03 | मेट्रो स्टेशन के लिए आधी रात के बाद लाए जा रहे विशाल गर्डर | Neutral |



# मेट्रो स्टेशन के लिए आधी रात के बाद लाए जा रहे विशाल गर्डर



एमपी नगर स्थित रिजर्व बैंक के पास बन रहे मेट्रो स्टेशन के लिए आधी रात के बाद विशाल गर्डर लाए जा रहे हैं। 106 चक्के वाले ट्राले में 10 किलोमीटर की रफ्तार से इन्हें रायसेन रोड से सुभाष नगर ब्रिज होते हुए लाए जा रहे हैं। यह दृश्य रविवार रात दो बजे सुभाष नगर आरओबी से गुजरते गर्डर का है। ● नवदुनिया

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 32 | Hari Bhoomi | Bhopal | 21.02.23 | 03 | मेट्रो के लिए कमर्शियल एरिया में आवासीय रेट पर ली जाएगी जमीन | Neutral |

हरिभूमि

भोपाल - मुख्य संस्करण

21 Feb 2023

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 21 फरवरी 2023

4 बाइक सवारों को तूफान जीप ने मारी टक्कर, ...



5 शहर में 60 अहाते, 30 शॉप बार होंगी बंद, 9 ...





# मेट्रो के लिए कमर्शियल एरिया में आवासीय रेट पर ली जाएगी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

मेट्रो रूट की जद में आने वाली जमीनों को अधिग्रहण के लिए अब आवासीय रेट में भुगतान किया जाएगा। चाहे वह जमीन कमर्शियल हो। इस बार पंजीयन विभाग ने नई कलेक्टर गाइडलाइन में रूट के पचास मीटर एरिया की सभी जमीनों को कमर्शियल से हटाकर आवासीय कर दिया है। जिसमें एम्स से सुभाष नगर तक के 6.22 किलोमीटर मेट्रो के रूट पर रेलवे से सुभाष नगर, रानी कमलापति स्टेशन के पास और डीआरएम दफ्तर के सामने स्थित जमीनों के अधिग्रहण को लेकर इन जगहों पर रेलवे को आवासीय रेट में भुगतान किया जाएगा।

## कलेक्टर गाइडलाइन में मेट्रो रूट एरिया में बदला लैंडयूज

### सीमांकन के बाद सुभाष नगर में स्टेशन बनाने का काम होगा शुरू



इस रूट पर डीआरएम ऑफिस के सामने रेलवे की 218 वर्ग मीटर जमीन मेट्रो कार्पोरेशन को चाहिए। यहां स्टेशन पर आने जाने के लिए सीढ़ियां, पार्किंग व अन्य उपयोग के लिए जमीन ली जा रही है।



### लंबे समय से चल रही थी रेलवे से बात

दूसरा स्पॉट रानी कमला पति स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक की तरफ 516 वर्ग मीटर जमीन का है। तीसरा स्पॉट सुभाष नगर पर है। जहां मेट्रो का स्टेशन और अन्य यात्री सुविधाओं के लिए व्यवस्था करनी है। लंबे समय से इन तीन स्थानों को लेकर रेलवे से बातचीत चल रही थी। कलेक्टर गाइडलाइन में लैंडयूज बदलने के बाद ये मसला हल हो गया। सीमांकन के बाद मेट्रो सुभाष नगर पर स्टेशन बनाने का काम शुरू करेगा।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 33 | Patrika | Bhopal | 21.02.23 | 07 | मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: अप्रेल से पटरी का काम होगा | Neutral |

पत्रिका भोपाल प्राइम BHOPAL PRIME 02
पत्रिका patrika.com
भोपाल, मंगलवार 21 फरवरी 2023

### मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट: अप्रेल से पटरी का काम होगा

# स्टेशन का काम 60 फीसदी पूरा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मेट्रो प्रोजेक्ट में स्टेशन का काम 60 फीसदी पूरा हो चुका है। सुभाष नगर ब्रिज से लेकर एमपी नगर, कमलापति रेलवे स्टेशन के मेट्रो स्टेशन का काम मार्च आखिर तक 80 फीसदी होने की उम्मीद है। मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के तहत काम की गति बढ़ाने सोमवार को समीक्षा हुई। अंदरूनी समीक्षा में काम की गति को तेज करने के लिए कहा गया। गौरतलब है कि अप्रैल में पटरी का काम शुरू करना है। इसकी सिग्नलिंग का काम भी अप्रैल से शुरू किया जाएगा। एमडी मनीषसिंह अब हर सप्ताह समीक्षा बैठक लेंगे, ताकि काम की गति बढ़े। गौरतलब है कि



सितंबर 2023 में मेट्रो के शुरुआती चार किमी का ट्रायल शुरू किया जाना है। ऐसे में अब काम की गति को तेज किया गया है। कोशिश है कि जून-जुलाई में फिनिशिंग काम की स्थिति बन जाए, इसके बाद सिर्फ फिनिशिंग व अन्य काम होंगे। कोशिश की जा रही है कि सितंबर तक मेट्रो ट्रेन डिपो में भी जरूरी काम पूरा किया जाए, बाकी काम आगे भी चलता रहेगा।

MPMETRO

**METRO NEWS**

**22nd FEBRUARY,2023**


| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 34 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 22.02.23 | 01 Front Page | 15 मार्च तक तैयार होंगे मेट्रो के स्टेशन, सुभाष नगर सबसे पहले | Neutral |

दैनिक भास्कर **भोपाल** 22-02-2023

# भोपाल फ्रंट पेज

दैनिक भास्कर बुधवार 22 फरवरी, 2023

सूर्यास्त (बुधवार) 6:20 बजे | सूर्योदय (गुरुवार) 6:48 बजे




## 15 मार्च तक तैयार होंगे मेट्रो के 3 स्टेशन, सुभाष नगर सबसे पहले

### 28 फरवरी तक आएगी पटरी की पहली खेप

**भोपाल।** राजधानी में इस साल सितंबर तक मेट्रो का ट्रायल रन किया जाना है। इसके लिए रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर तक 3.5 किमी के रूट पर 5 मेट्रो स्टेशन बनेंगे। इनमें से तीन (सुभाष नगर, डीबी सिटी मॉल और रानी कमलापति स्टेशन) 15 मार्च तक बनकर तैयार हो जाएंगे। सुभाष नगर स्टेशन का काम सबसे पहले पूरा करने का टारगेट है। इस स्टेशन के ठीक सामने मेट्रो का डिपो बन रहा है। वहीं फरवरी के अंत में पटरी भी आ जाएगी और दस मार्च तक पटरी बिछना शुरू हो जाएगी।

### 10 मार्च तक भोपाल आएगा मेट्रो का मॉडल

मेट्रो का मॉडल भी 10 मार्च तक भोपाल आने की संभावना है। इसे किसी ऐसे स्थान पर डिस्प्ले किया जाएगा जहां आम लोग इसे देखने आ सकें। शुरुआत में इस मॉडल को बोट क्लब पर रखा जाना था, लेकिन अब इसे स्मार्ट पार्क और डीबी सिटी मॉल के पास डिस्प्ले करने पर विचार हो रहा है।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 23.02.2023 | 07 | इंदौर मेट्रो के दो अहम पड़ाव.. सुपर कोररिडोर पर पहला पाई-गर्डर लॉन्च, छतीसगढ़ से ट्रैक की खेप भी रवाना हुई | Neutral |



मध्यप्रदेश

दैनिक भास्कर, भोपाल, गुरुवार, 23 फरवरी, 2023 7

# इंदौर मेट्रो के दो अहम पड़ाव... सुपर कॉरिडोर पर पहला पाई-गर्डर लॉन्च, छत्तीसगढ़ से ट्रैक की खेप भी रवाना हुई

भास्कर न्यूज़ | इंदौर

इंदौर मेट्रो प्रोजेक्ट में बुधवार को दो अहम पड़ाव रहे। सुपर कॉरिडोर के 5.9 किमी के रुट पर पहला पाई गर्डर लॉन्च किया गया। वहीं, छत्तीसगढ़ से मेट्रो ट्रैक की पहली खेप भी इंदौर के लिए रवाना हो चुकी है।

मिली जानकारी के मुताबिक सुपर कॉरिडोर वाले इस रूट पर पांच स्टेशन हैं। एक स्टेशन पर 81 गर्डर लॉन्च होंगे। पांच स्टेशनों पर 441 पाई गर्डर लगाने में 80 से 90 दिन लगेंगे। काम की स्पीड बढ़ाने के लिए मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने अन्य कॉन्ट्रैक्टर को रखने का फैसला किया है। इसीलिए अहमदाबाद से रेलवे के अन्य कॉन्ट्रैक्टर की मदद ली जा रही है। जिससे काम 40 दिन में पूरा हो जाए। बता दें कि मेट्रो ट्रायल रन की डेटलाइन सितंबर-2023 तय की गई है।

## प्रोजेक्ट टीम की निगरानी में डले पाई गर्डर

रायगढ़ (छग) से रवाना हुआ पटरियों से लदा ट्रक।

बुधवार को अहमदाबाद के कॉन्ट्रेक्टर ने साइट का निरीक्षण किया। जिस समय पाई गर्डर डाले जा रहे थे, तब कार्पोरेशन की पूरी टीम मौके पर ही मौजूद रही। जीएम केसी चौहान, आरवीएनएल के अमित टंडन सहित पूरी टीम डटी रही। उधर, सुपर कॉरिडोर से रेडिसन चौराहे तक लॉन्चर का काम भी तेजी से बढ़ रहा है। गांधीनगर से भौंरासला तक चार लॉन्चर और एमआर-10 से रेडिसन चौराहे तक तीन लॉन्चर का काम चल रहा है।

▪ ट्रैक की पहली खेप इंदौर के लिए निकल चुकी है। संभवतः तीन से चार दिन के भीतर यह इंदौर आ जाएगी। -मनीष सिंह, एमडी, मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन

MPMETRO

**METRO NEWS**

**26th FEBRUARY,2023**

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 36 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 26.02.2023 | 09 | भोंपाल मेट्रो.. पटरी की पहली खेप रायगढ़ से हुई रवाना, अगले सप्ताह तक पहुँचेगी भोपाल | Neutral |

सिटीPEDIA

कमला पार्क के भीतर स्थित कमलापति महल का निर्माण 1722 ई में हुआ था। इसका नाम रानी कमलापति के नाम पर रखा गया है। इस महल को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण एएसआई ने राष्ट्रीय महत्व के स्मारक का दर्जा दिया है।

## संडे सिटी भोपाल

रविवार
26.02.2023
dainikbhaskar.com

# भोपाल मेट्रो... पटरी की पहली खेप रायगढ़ से हुई रवाना, अगले सप्ताह तक पहुंचेगी भोपाल

सिटी रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल मेट्रो के लिए पटरी की पहली खेप रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से रवाना हो गई है। इसके अगले सप्ताह तक भोपाल आने की संभावना है। भोपाल आने के बाद इसकी एक बार फिर टेस्टिंग होगी और उसके बाद पटरी बिछाने का काम शुरू होगा।

रायगढ़ स्थित स्टील कंपनी में यह पटरी बन रहीं हैं। मेट्रो रेल कंपनी के अफसरों की एक टीम इन दिनों रायगढ़ में है, जो वहां पटरी के तेजी से निर्माण के साथ उसकी डिलीवरी सुनिश्चित कर रहे हैं। मेट्रो कंपनी की अधिकृत जानकारी के अनुसार दो अलग-अलग तरह की पटरी भोपाल आ रहीं हैं। इनमें 880 ग्रेड की पटरी डिपो में बिछाई जाएगी और 1080 एच एच पटरी वायाडक्ट पर बिछेगी।



**40 साल तक पटरी बदलने की जरूरत नहीं...** पटरी इस तरह से डिजाइन की गई है कि 40 साल तक इन्हें बदलने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पटरी बिछाने के लिए ब्लास्ट और स्लीपर्स बिछाने का काम जल्द शुरू होगा। पटरी एल एंड टी कंपनी बिछाएगी। बता दें कि रानी कमलापति स्टेशन से सुभाष नगर तक मेट्रो रूट पर सितंबर में टेस्टिंग करने के हिसाब से तैयारी की जा रहीं हैं। मेट्रो एमडी मनीष सिंह नियमित समीक्षा कर रहे हैं।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 37 | Nav Dunia | Bhopal | 26.02.2023 | 02 | मेट्रो के लिए पटरियों की पहली खेप छत्तीसगढ़ से रवाना | Neutral |



# मेट्रो के लिए पटरियों की पहली खेप छत्तीसगढ़ से रवाना



भोपाल मेट्रो के लिए रायगढ़ छत्तीसगढ़ से पटरियां रवाना कर दी गई हैं। ● सौ. प्रबंधन

**भोपाल (नप्र)।** राजधानी में मेट्रो का कार्य तेज रफ्तार किया जा रहा है। भोपाल मेट्रो के लिए पटरियों की पहली खेप रायगढ़ छत्तीसगढ़ से शनिवार को रवाना हो गई है। मध्यप्रदेश मेट्रो रेल के प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने पटरियों की पहली खेप और मेट्रो कार्य की प्रगति के बारे में अधिकारियों से जानकारी मांगी थी। जिस पर अधिकारियों ने बताया कि पटरियों की पहली 880 ग्रेड एवं 1080 एचएच खेप रायगढ़ छत्तीसगढ़ से रवाना हो चुकी है। जिसकी भोपाल में अगले सप्ताह की शुरुआत में पहुंचने की संभावना है। वहीं, आदेश के अनुसार मेट्रो अधिकारियों की एक टीम नियमित निरीक्षण के लिए रायगढ़ स्थित कंपनी के दौरे पर है, जो गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ पटरियों की त्वरित डिलीवरी भी सुनिश्चित करेगी। अधिकारियों ने यह भी बताया कि पटरियों की खेप पहले सुभाष नगर डिपो में अनलोड की जाएगी। 880 ग्रेड डिपो एवं 1080 एचएच पटरी वायडक्ट पर बिछाई जाएगी। इसी क्रम में सुभाष नगर डिपो में पटरियों के लिए गिट्टी एवं स्लीपर्स बिछाने के लिए आवश्यक तैयारियां तेजी से पूरी की जा रही हैं। रेल पटरी बिछाने का काम मार्च के महीने से शुरू किया जाएगा। प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही किसी तरह की समस्या आने पर उसे अविलंब संज्ञान लेते हुए हटाने के लिए भी कहा है।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 38 | Patrika | Bhopal | 26.02.2023 | 02 | मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए रायगढ़ से आ रही पटरियाँ, मार्च मे बिछनी होंगी शुरू | Neutral |



### ट्रैक के लिए 1080 ग्रेड की तो डिपो के लिए 880 ग्रेड की पटरियां पहुंचेंगी

# मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए रायपुर से आ रहीं पटरियां, मार्च में बिछनी होंगी शुरू

**भोपाल @ पत्रिका.** हमारी मेट्रो ट्रेन का ट्रैक रायपुर से निकल चुका है। आगामी कुछ दिन में यह भोपाल पहुंचेगा। 120 टन वजनी पटरियों से भरा ट्रक रास्ते में है। एक के बाद एक 30 ये अधिक ट्रक रायपुर से भोपाल पहुंचेंगे। एम्स से रानीकमलापति होते हुए सुभाषब्रिज तक 2200 मिट्रिक टन वजनी पटरियां बिछेंगी। 110 यूटीएस यानि हाइस्पीड ट्रेन के लिए बिछाए जाने वाली पटरियां मेट्रो को दौड़ाने के लिए स्थापित की जाएगी। पटरियों की पूरी खेप यहां मार्च मध्य तक पहुंच जाएगी। मार्च आखिर तक इसका बिछना शुरू हो सकता है। यानि अप्रैल में पटरियों का काम पूरा करने की कोशिश है। मेट्रो ट्रेन डिपो के लिए अलग से ट्रैक बनेगा। गौरतलब है कि जिस ट्रैक पर लगातार ट्रेनों की आवाजाही होना है उसे हाइस्पीड ट्रेन की तेजी वाली मजबूती दी जा रही, जबकि डिपो में जरूरत के अनुसार ट्रैक की मजबूती रखी गई। गौरतलब है कि पटरियों की स्थिति देखने के लिए मेट्रो ट्रेन अधिकारियों की टीम ने रायपुर में अपने निरीक्षण में ही निर्माण कराया है। गुणवत्ता के साथ डिलीवरी भी समय पर हो इसे भी भोपाल की टीम ने ही सुनिश्चित कराया।


120 टन वजनी पटरियों से भरा ट्रक।

> पटरियों की खेप भोपाल पहुंच रही है। अगले माह से पटरियां बिछाने का काम शुरू कर देंगे। समय पर मेट्रो शुरू होगी।
>
> **मनीष सिंह,** एमडी, मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 39 | Dainik Jagran | Bhopal | 26.02.2023 | 02 | अगले महीने से बिछने लगेगी मेट्रो रेल की पटरी, पहली खेप छतीसगढ़ से रवाना | Neutral |


राजधानी का तापमान/मौसम
अधिकतम 29°1c | न्यूनतम 11.7°c
आज दिनभर मौसम साफ रहेगा। दिन में हवाएं चलेंगी।

# राजधानी जागरण

दैनिक जागरण
भोपाल, 26 फरवरी 2023

02

11 • राज्य • 31 • संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित
SUNDAY
www.djmp.in/epaper


# अगले महीने से बिछने लगेगी मेट्रो रेल की पटरी,पहली खेप छत्तीसगढ़ से रवाना

## सुभाष नगर डिपो में भी जल्द ट्रेक बिछाने की तैयारी



जागरण प्रतिनिधि, भोपाल। राजधानी में मेट्रो प्रोजेक्ट का काम काफी तेजी से चल रहा है। अगले महीने से रेल चलाने के लिए पटरियां बिछना शुरू हो जाएंगी। इसके लिए रायपुर से पटरियों की पहली खेप रवाना होगी। यह अगले हफ्ते भोपाल पहुंच जाएगी। भोपाल में मेट्रो ट्रेक बिछाने का जिम्मा एलएंडटी को सौंपा गया है। पटरियों की क्वालिटी जांचने के लिए मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के अफसरों की एक टीम रायपुर में जिंदल स्टील प्लांट के दौरे पर है। यह समय पर डिलीवरी भी सुनिश्चित कराएगी। इसके साथ ही सुभाष नगर डिपो में पटरियों के लिए गिट्टी व स्लीपर्स बिछाने की तैयारी कर ली गई है।

**एलिवेटेड रूट का 80 फीसदी से अधिक काम पूरा:** एम्स से करोंद तक मेट्रो का पहला रूट है। इसके आधे हिस्से यानि एम्स से सुभाष नगर फाटक तक जमीन के ऊपर रूट बनाने का काम दिलीप बिल्डकॉन को सौंपा गया। यह करीब सवा छह किमी लंबा है। मौजूदा स्थिति में इसका सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। राजधानी में प्रायोरिटी कॉरीडोर यानि सुभाष नगर फाटक से रानी कमलापति स्टेशन के बीच मेट्रो की शुरुआत की जाना है। यह रूट करीब पांच किमी लंबा होगा। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने इस मार्ग पर मेट्रो की शुरुआत के लिए सितंबर की समय सीमा तय की है।

**मेट्रो शुरू होने के पहले हर हाल में बनाना होगा डिपो:** वहीं मेट्रो प्रोजेक्ट के महत्वपूर्ण हिस्से डिपो का निर्माण स्टड फार्म और आसपास की करीब 80 एकड़ जमीन पर किया जा रहा है। यहां न केवल मेट्रो रेल पार्क होंगी बल्कि उनका मेंटेनेंस भी होगा। इसका निर्माण हर हाल में मेट्रो का संचालन शुरू होने के पहले पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। मेट्रो के लिए बिजली सप्लाई के लिए वर्क ऑर्डर जारी हो गए हैं। रोलिंग स्टॉक, सिग्नलिंग और दूरसंचार की प्रणाली का काम भी जल्द शुरू हो जाएगा। लिफ्ट, एस्केलेटर और विभिन्न ट्रेक सामग्री की सप्लाई के लिए भी टेंडर हो चुके हैं।

## अप्रैल में तीन स्टेशन तैयार होने की उम्मीद

जमीन के ऊपर मेट्रो के आठ स्टेशन का निर्माण नवंबर, 2021 में शुरू किया गया। इस पर 426.67 करोड़ रुपए खर्च होगा। तमिलनाडु की यूआरसी को कंपनी को जिम्मा सौंपा गया है। कार्य पूरा करने के लिए सवा दो साल का समय एजेंसी को दिया गया है। ऐसे में वर्ष 2024 में स्टेशन तैयार हो सकते हैं। ये स्टेशन एम्स, अलकापुरी, हबीबगंज नाका, रानी कमलापति स्टेशन के पास, एमपी नगर जोन 1, डीबी मॉल, केंद्रीय विद्यालय के पास और सुभाष नगर में बनेंगे। खास बात यह होगी कि रानी कमलापति रेलवे स्टेशन को मेट्रो स्टेशन से स्काय वॉक के जरिए जोड़ा जाएगा। इस मेट्रो स्टेशन का नाम भी रानी कमलापति होगा। हालांकि, इस साल सितंबर के पहले सुभाष नगर से रानी कमलापति स्टेशन के बीच के पांच स्टेशन तैयार करना होंगे। मौजूदा स्थिति में इनका निर्माण कार्य दिन-रात चल रहा है। ऐसे में अधिकारी अप्रैल तक तीन स्टेशन तैयार होने की संभावना जता रहे हैं।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | Raj Express | Bhopal | 26.02.2023 | 02 | मेट्रो की रफ्तार हुई तेज, मार्च से पटरियाँ बिछाने का काम शुरू | Neutral |

भोपाल
रविवार, 26 फरवरी 2023
(फाल्गुन शुक्ल पक्ष सप्तमी 2079)
वर्ष 18 अंक 342, पृष्ठ 12, मूल्य ₹ 3.50

सच कहने का साहस और सलीका
राज एक्सप्रेस
■ भोपाल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ ग्वालियर ■ रतलाम ■ रीवा ■ सतना ■ छिंदवाड़ा ■ उज्जैन ■ सागर

www.rajexpress.co
twitter.com/rajexpressnews
www.facebook.com/rajexpressnews
यह क्यू आर कोड स्कैन कर हमें पाएं अपने स्मार्ट फोन पर

# मेट्रो की रफ्तार हुई तेज, मार्च से पटरियां बिछाने का काम होगा शुरू

## रायगढ़ से पटरियों की पहली खेप भोपाल के लिए हुई रवाना प्रबंध संचालक मनीष सिंह ने प्रगति के बारे में ली बैठक



**भोपाल(आरएनएन)।** भोपाल मेट्रो की पहली गाड़ी एम्स से सुभाष नगर तक करीब 7.5 किलोमीटर के रूट पर सितंबर 2023 में चलाने का जो टारगेट फिक्स किया गया है उसके अनुसार मेट्रो के काम ने रफ्तार पकड़ ली है। जहां एक ओर मेट्रो स्टेशन बनाने का काम तेजी से चल रहा है वही अब वायडक्ट और डिपो में पटरियां बिछाने का काम भी मार्च 2023 में शुरू हो जाएगा।

मेट्रो के अधिकारियों के मुताबिक मनीष सिंह प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश मेट्रो रेल के निर्देशानुसार मेट्रो रेल के कार्य तेज गति से चल रहे हैं। इसी कड़ी में भोपाल मेट्रो के लिए पटरियों की पहली खेप रायगढ़, (छत्तीसगढ़) से रवाना हो चुकी है। शनिवार को मनीष सिंह प्रबंध संचालक मध्य प्रदेश मेट्रो रेल द्वारा भोपाल मेट्रो रेल के अंतर्गत पटरियों की पहली खेप के संदर्भ मे मेट्रो अधिकारियों से प्रगति के बारे मे बैठक कर जानकारी मांगी गई । मेट्रो अधिकारियों ने बताया कि पटरियों की पहली 880 ग्रेड एवं 1080 एचएच खेप जिंदल स्टील प्रालि रायगढ़ से भोपाल के लिए रवाना हो चुकी है। जिसकी भोपाल में अगले सप्ताह की शुरुआत में पहुंचने की संभावना है। प्रबंध संचालक के आदेशानुसार मेट्रो अधिकारियों की एक टीम नियमित निरीक्षण हेतु जिंदल स्टील प्रालि रायगढ़ के दौरे पर है, जो गुणवत्ता सुनिश्चित करने के साथ-साथ पटरियों की त्वरित डिलीवरी भी सुनिश्चित करेगी।

## निर्माण तेज करने हर संभव प्रयास

अधिकारियों ने यह भी बताया कि पटरियों की खेप पहले सुभाष नगर डिपो में अनलोड की जाएगी तथा 880 ग्रैड डिपो एवं 1080 एचएच पटरी वायडक्ट पर बिछाई जाएगी। इसी क्रम में सुभाष नगर डिपो में पटरियों के लिए गिट्टी बिछाने के लिए आवश्यक तैयारियां तेजी से पूर्ण की जा रही हैं। रेल पटरी बिछाने का कार्य अगले माह से प्रारंभ किया जाएगा।भोपाल मेट्रो में यह कार्य लार्सन एंड टुब्रो कम्पनी द्वारा किया जाएगा। प्रबंध संचालक ने अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेज गति लाने के लिए हर संभव प्रयास करने के निर्देश दिए। साथ ही किसी प्रकार की समस्या को अविलम्ब उनके संज्ञान में लाने की बात कही।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 41 | Amar Ujala | Bhopal | 26.02.2023 | 03 | मेट्रो के लिए रायगढ़ से पटरियों की खेप रवाना, अगले माह से बिछेंगी | Neutral |

अमर उजाला | भोपाल | amarujala.com | भोपाल | रविवार, 26 फरवरी 2023 | 3

# मेट्रो के लिए रायगढ़ से पटरियों की खेप रवाना, अगले माह से बिछेंगी

## सुभाष नगर डिपो में पटरियों को बिछाने के लिए गिट्टी और स्लीपर डालने का काम तेज

अमर उजाला ब्यूरो

**भोपाल।** भोपाल मेट्रो की पटरी बिछाने का काम मार्च से शुरू हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से पटरी की पहली खेप भोपाल के लिए रवाना हो गई है। जिसके अगले सप्ताह की शुरुआत में पहुंचने की संभावना है। इसके बाद सुभाष नगर डिपो और मेट्रो के ट्रैक पर पटरी बिछाने का काम शुरू हो जाएगा। मेट्रो रेल के अधिकारियों के अनुसार सुभाष नगर डिपो में पटरियों को बिछाने के लिए गिट्टी और स्लीपर डालने की तैयारियों तेजी से की जा रही हैं।

**ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्टर पर हो रहे स्टेशन तैयार :** भोपाल मेट्रो के स्टेशन ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर तैयार हो रहे हैं। इनमें सोलर एनर्जी का उपयोग ज्यादा से ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए स्टेशन के रूफ पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। बारिश के पानी को रेन वाटर हार्वेस्टिंग के जरिये जमीन में डाला जाएगा। सुभाष नगर में मेट्रो के डिपो पर एसटीपी बनाया जा रहा है। वेस्ट वॉटर को रिसाइकिंल करके मेट्रो की वाशिंग में उपयोग किया जाएगा।




छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से भोपाल मेट्रो के लिए पटरियां लेकर रवाना हुआ वाहन। अमर उजाला

### मेट्रो को पटरी से मिलेगा करंट

भोपाल मेट्रो में करंट के लिए थर्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। दरअसल रेल में पॉवर सप्लाई दो तरीके से दी जाती है। पहला ओएचई, जिसमें ऊपर केबल से पॉवर मिलता है। दूसरा पटरियों के बराबर से एक पटरी बिछाई जाती है। इससे करंट प्रभावित होता है। इससे ही मेट्रो को पॉवर मिलती है। इसे ही थर्ड टेक्नोलॉजी कहते हैं। इस टेक्नोलॉजी की लागत कम होने के साथ ही मेंटनेंस भी कम आता है। इसमें फाल्ट की संभावना भी कम हो जाती है।

### बन रहे हैं आठ स्टेशन

भोपाल में 30.95 किमी के मेट्रो ट्रैक प्रस्तावित है। इसमें से 7 किमी का प्रायोरिटी ट्रैक बनाया जा रहा है। इसमें सुभाष नगर से एम्स तक आठ मेट्रो स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसमें से सुभाष नगर, केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस चौराहा, एमपी नगर जोन-2, रानी कमलापति, डीआरएम ऑफिस, अल्कापुरी और एम्स में आठ स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसमें से अप्रैल तक सुभाष नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, एमपी नगर स्टेशन के सिविल कार्य पूरी तरह तैयार हो जाएंगे। रेलवे स्टेशन को 6 डिब्बों के अनुसार तैयार किया जा रहा है। हालांकि शुरुआत में तीन-तीन डिब्बों के साथ ही मेट्रो दौड़ेगी।

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 42 | People's Samachar | Bhopal | 26.02.2023 | 03 | मेट्रो प्रोजेक्ट: अगले हफ्ते आ जाएंगी पटरियाँ, बिछाने का काम अप्रैल से | Neutral |

www.peoplessamachar.in

# अपना भोपाल

## रायगढ़, छत्तीसगढ़ से पटरियों की खेप भोपाल रवाना

# मेट्रो प्रोजेक्ट : अगले हफ्ते आ जाएंगी पटरियां, बिछाने का काम अप्रैल से

पीपुल्स संवाददाता • भोपाल
मो.नं. 9300697983



राजधानी में सुभाष रेलवे फाटक से रानी कमलापति रेलवे स्टेशन तक पांच किमी लंबे रूट पर मेट्रो ट्रेन जिन पटरियों पर रफ्तार भरेगी, वह रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से भोपाल के लिए रवाना हो गई हैं। पटरियों की पहली खेप अगले हफ्ते भोपाल पहुंचेगी। इसके साथ ही इन्हें लगाने का काम भी शुरू कर दिया जाएगा। इधर, पटरियां आने से पहले इन्हें डिपो में रखने के साथ ही मेट्रो रूट पर इन्हें बिछाने की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

गौरतलब है कि सितंबर 2023 में मेट्रो के शुरुआती चार किलोमीटर लंबे रूट पर ट्रायल रन शुरू किया जाना है। इसको देखते हुए इस रूट पर काम की रफ्तार तेज कर दी गई है। कोशिश है कि जून-जुलाई में फिनीशिंग का काम पूरा कर लिया जाए। इधर, मेट्रो प्रोजेक्ट में स्टेशन का काम 60 फीसदी पूरा हो चुका है। सुभाष नगर ब्रिज से लेकर एमपी नगर और कमलापति रेलवे स्टेशन के मेट्रो स्टेशन का काम मार्च आखिर तक 80 फीसदी पूरा होने की उम्मीद है। इधर, अप्रैल से मेट्रो रूट पर पटरियां बिछाने का काम शुरू किया जाना है। भोपाल मेट्रो के लिए पटरियों की पहली खेप रायगढ़ स्थित जिंदल स्टील प्रा.लि. से रवाना हो चुकी है। 880 ग्रेड एवं 1080 एचएच की पटरियों की खेप अगले हफ्ते तक भोपाल पहुंचने की उम्मीद है। इन पटरियों को सुभाष नगर मेट्रो डिपो में अनलोड किया जाएगा। 880 ग्रेड की पटरियां डिपो और 1080 एचएच पटरी वायडक्ट पर बिछाई जाएंगी।

**इंदौर से ज्यादा भोपाल में तेजी से काम :** इंदौर और भोपाल में दोगुनी रफ्तार से काम चल रहा है। इसे देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव से पहले भोपाल में मेट्रो ट्रेन दौड़ने लगेगी। सरकार की भी यही कोशिश है कि चुनाव से पहले मेट्रो दौड़ा दी जाए। हालांकि, मेट्रो का काम इंदौर की अपेक्षा भोपाल में तेजी से चल रहा है। भोपाल में 90 फीसदी काम पूरा हो गया है, जिसके चलते यहां सितंबर में मेट्रो के ट्रायल का प्लान बनाया गया है।

### जल्द तैयार होंगे चार स्टेशन

दरअसल, मनीष सिंह को मेट्रो का एमडी बनाए जाने के बाद इंदौर और भोपाल दोनों जगहों पर काम की रफ्तार बढ़ी है। इसी के चलते भोपाल में सुभाष नगर से एम्स तक प्रॉयोरिटी कॉरिडोर के 5 में से 4 स्टेशन का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। एमपी नगर में बन रहे मेट्रो स्टेशन का करीब 70 फीसदी काम पूरा हो गया है। सुभाष फाटक के पास भी डिपो और स्टेशन के काम की रफ्तार बढ़ी है। यहां भी 50 फीसदी से ज्यादा काम पूरा हो गया है। सबसे तेजी के साथ प्रेस कॉम्पलेक्स के पास स्टेशन बनाया जा रहा है। रानी कमलापति स्टेशन के सामने बनने वाले स्टेशन का काम भी जोरों पर है।

### दो महीने बाद मई में मेट्रो के डिब्बे आने की उम्मीद

जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा मेट्रो रेल की डिजाइन फायनल करने के बाद इसे निर्माण एजेंसी को सौंप दिया गया है। मेट्रो के अधिकारियों ने संभावना जताई है कि मई महीने से मेट्रो के डिब्बों की आपूर्ति शुरू हो जाएगी। इसके बाद काम में और तेजी आएगी।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 43 | Hitwad | Bhopal | 26.02.2023 | 04 | Metro MD takes stock of ongoing project | Neutral |

TheHitavada
NAGPUR | RAIPUR | BHOPAL | JABALPUR
Book Your Copy
India's Central
Signature English
Daily Newspaper
Call or whatsapp at
+91 87188 16451,+91 87188 16445

TheHitavada CityLine

# Metro MD takes stock of ongoing project



The tracks to be laid down at Subhash Nagar depot.

- The MD instructs officials to finish work within time limit

**Staff Reporter**

THE tracks for Bhopal metro have been dispatched from Chhattisgarh and the consignment is likely to reach Bhopal within a week. These tracks will be laid down on the Subhash Nagar depot and subsequently at every depot where the work is nearing completion. A team of metro officials is stationed at Jindal steel to ensure speedy delivery of the tracks.

The metro rail managing director (MD) Manish Singh has directed the officials to expedite the work while seeking report on the project.

It is noteworthy that the traffic diversions placed at several spots due to the metro work are causing inconvenience to the commuters.

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 44 | Swadesh | Bhopal | 26.02.2023 | 03 | 2200 मीट्रिक टन पटरियाँ मार्च मे बिछना होगी शुरू | Neutral |

स्वदेश www.swadesh.in भोजनगरी भोपाल, रविवार 26 फरवरी, 2023 | 03

भोपाल मेट्रो ट्रेन के लिए रायपुर से चल दी पटरियां

# 2200 मिट्रिक टन पटरियां मार्च में बिछना होगी शुरू



स्वदेश संवाददाता, भोपाल

भोपाल मेट्रो ट्रेन प्रोजेक्ट के लिए पटरियों की पहली खेप रायपुर से रवाना हो चुकी है। एक सप्ताह में ये भोपाल पहुंचेगी। मार्च मध्य तक कुल 2200 मिट्रिक टन पटरियां भोपाल पहुंच जाएगी। फिलहाल पहली खेप में चार ट्रक में 120 टन वजनी पटरियां भोपाल पहुंच रही है। एक ट्रक में करीब 40 मिट्रिक टन पटरियां होती है। एम्स से रानीकमलापति होते हुए सुभाष ब्रिज तक 2200 मिट्रिक टन वजनी पटरियां बिछेगी। इनकी क्षमता 110 यूटीएस है। ये पटरियां हाइस्पीड ट्रेन के लिए बिछाए जाने वाली पटरियां होती है। मार्च आखिर तक इसका बिछना शुरू होगी, अप्रैल में पटरियों का काम पूरा होगा। पटरियों की खरीदी जिंदल स्टील से की गई है, जबकि इन्हें बिछाने के लिए लार्सेन एंड टर्बो कंपनी को ठेका दिया गया है।

**डिपो का ट्रेक अलग :** मेट्रो ट्रेन ट्रेक की पटरियों के अलावा यहां डिपो में भी पटरियां बिछाने का काम शुरू होगा। इसके लिए अलग से ट्रेक बनेगा। ये 880 ग्रेड की पटरियां होंगी। बताया जा रहा है कि जिस ट्रेक पर लगातार ट्रेनों की आवाजाही होना है उसे 1080 ग्रेड की हाइस्पीड ट्रेन की तेजी वाली मजबूती दी है। डिपो की पटरियों का ग्रेड 880 रखा गया है।

## इनका कहना है

अगले माह से पटरियां बिछाने का काम शुरू कर देंगे। पटरियों की खेप अगले सप्ताह तक भोपाल पहुंचेगी।

- मनीष सिंह, एमडी, मेट्रो ट्रेन कारपोरेशन

## मॉनीटरिंग के लिए मेट्रो अधिकारियों की टीम

पटरियों की स्थिति देखने के लिए मेट्रो ट्रेन अधिकारियों की टीम ने रायपुर में अपने निरीक्षण में ही निर्माण कराया है। गुणवत्ता के साथ डिलीवरी भी समय पर हो इसे भी भोपाल की टीम ने ही सुनिश्चित कराया। पटरियों का निर्माण रायपुर जिंदल स्टील कंपनी से कराया गया, जबकि अब पटरी बिछाने का काम लार्सेन एंड टर्बो कंपनी करेगी। भोपाल में प्रायोरिटी कॉरिडोर के तहत एम्स से सुभाष ब्रिज तक 6.22 किमी लंबाई में मेट्रो लाइन बिछाई गई है।

## ओवरब्रिज के बाद एम्स से शुरू होगी ट्रेन

गणेशमंदिर के सामने रेलवे लाइन पर मेट्रो ओवरब्रिज का काम अभी नहीं हुआ। ऐसे में सितंबर 2023 से रानीकमलापति रेलवे स्टेशन से सुभाष ब्रिज तक करीब चार किमी लंबाई में मेट्रो ट्रेन का संचालन शुरू किया जाएगा। दिसंबर 2023 तक एम्स से भी संचालन शुरू करने की योजना है। मेट्रो की पहली दो लाइन पर निर्माण के लिए ठेका एजेंसियां तय कर दी गई है। ये करीब 30 किमी लंबाई की लाइन है। अगले तीन साल में मेट्रो का विस्तार चार किमी से 30 किमी तक किया जाएगा।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | Dainik Bhaskar | Bhopal | 26.02.2023 | 9 | जिंसी धर्मकाँटा से सुभाष नगर अन्डरब्रिज का रास्ता 24 मार्च तक रहेगा बंद | Neutral |

# जिंसी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडरब्रिज का रास्ता 24 मार्च तक रहेगा बंद

## ट्रैफिक पुलिस ने जारी किया डायवर्सन प्लान

क्राइम रिपोर्टर | भोपाल

भोपाल मेट्रो रेल प्रोजेक्ट के तहत सुभाष नगर रेलवे अंडरब्रिज एवं स्लाटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन का निर्माण कार्य चल रहा है। जिस कारण जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक सड़क को बंद किया गया है। निर्माण कंपनी द्वारा डायवर्सन अवधि बढ़ाए जाने की सूचना देने के बाद ट्रैफिक पुलिस ने निर्माण कार्य के दौरान 25 फरवरी से 24 मार्च तक ट्रैफिक डायवर्सन प्लान लागू किया गया है। जिसमें जिंसी धर्म कांटा से सुभाष रेलवे अंडरब्रिज तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः बंद रहेगा।

### यह डायवर्सन प्लान...

- लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले सभी प्रकार के वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर अंडरब्रिज एवं सुभाष नगर आरओबी होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- इसी प्रकार मैदा मिल से लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर अंडरब्रिज, सुभाष नगर आरओबी, प्रभात चौराहा, बोगदा पुल एवं लिली टॉकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- लिली लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले भारी एवं मध्यम वाहन, सभी बसें, अनुमति प्राप्त वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा एवं सुभाष नगर आरओबी होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार मैदा मिल से लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर आरओबी से प्रभात चौराहा, बोगदा पुल एवं लिली टॉकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।
- आम जनता से अनुरोध है कि यातायात के नियमों का पालन करें एवं परिवर्तित मार्ग का उपयोग कर यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। किसी भी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाइन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर संपर्क करें।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 46 | Nav Dunia | Bhopal | 26.02.2023 | 02 | 24 मार्च तक बंद रहेगा जिंसी धर्मकाँटा से सुभाष नगर अन्डर ब्रिज तक का मार्ग | Neutral |

# 24 मार्च तक बंद रहेगा जिंसी धर्मकांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक का मार्ग

- भोपाल मेट्रो रेल के निर्माण कार्य के चलते लिया गया निर्णय

**भोपाल (नवदुनिया प्रतिनिधि)।** भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत सुभाष नगर रेलवे अंडर ब्रिज एवं स्लाटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के आधार का निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिसके कारण जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक का मार्ग बंद किया गया है। निर्माण कंपनी द्वारा समयावधि बढ़ाने की सूचना देने पर अब यह मार्ग यातायात के लिए 24 मार्च तक बंद रहेगा। इस क्षेत्र से गुजरने वाले वाहन वैकल्पिक मार्ग का उपयोग करेंगे।

**हल्के वाहन, दो पहिया व चार पहिया यहां से जा सकेंगे** : लिली टाकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा, सुभाष नगर अंडर ब्रिज एवं सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार मैदा मिल से लिली टाकीज एवं बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर अंडर ब्रिज, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, प्रभात चौराहा, बोगदा पुल व लिली टाकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।

**भारी व मध्यम वाहन, सभी बसें, अनुमति प्राप्त वाहन यहां से जा सकेंगे** : लिली टाकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा एवं सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे। इसी प्रकार मैदा मिल से लिली टाकीज एवं बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर ओवर ब्रिज से प्रभात चौराहा, बोगदा पुल व लिली टाकीज की ओर आवागमन कर सकेंगे।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 47 | People's Samachar | Bhopal | 26.02.2023 | 02 | मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए जिंसी से सुभाष नगर अन्डर ब्रिज तक 24 मार्च तक बदला रहेगा ट्राफिक | Neutral |

# मेट्रो स्टेशन निर्माण के लिए जिंसी से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक 24 मार्च तक बदला रहेगा ट्रैफिक

पीपुल्स संवाददाता ● भोपाल

मो.नं. 9826532266

मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्य के अंतर्गत सुभाष नगर रेलवे अंडर ब्रिज एवं स्लॉटर हाउस के बीच मेट्रो स्टेशन के फाउंडेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कारण जिंसी धर्म कांटा से सुभाष नगर अंडर ब्रिज तक ट्रैफिक डायवर्ट करने की अवधि बढ़ा दी गई है। इसके चलते 25 फरवरी से 24 मार्च तक यहां का ट्रैफिक बदला रहेगा। जिंसी धर्म कांटा से सुभाष रेलवे अंडर ब्रिज तक वाहनों का आवागमन बंद रहेगा।




**दोपहिया/चार पहिया :** लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्मकांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चैराहा, सुभाष नगर अंडर ब्रिज एवं सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर आवागमन कर सकेंगे। मैदा मिल से लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर अंडर ब्रिज, सुभाष नगर ओवर ब्रिज, प्रभात चैराहा, बोगदा पुल, लिली टॉकीज की ओर आ-जा सकेंगे।

**भारी और मध्यम वाहन:** लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल से जिंसी धर्म कांटा होकर मैदा मिल की ओर जाने वाले वाहन बोगदा पुल, प्रभात चौराहा एवं सुभाष नगर ओवर ब्रिज होकर मैदा मिल की ओर आ-जा सकेंगे। वहीं मैदा मिल से लिली टॉकीज एवं बोगदा पुल की ओर जाने वाले वाहन मैदा मिल, सुभाष नगर ओवर ब्रिज से प्रभात चौराहा, बोगदा पुल की ओर आ-जा सकेंगे। असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाइन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं।

MPMETRO

| S.No. | Source | Edition | Date | Page | Context | Type |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 48 | Agnibaan | भोंपाल | 26.02.2023 | 05 | भोपाल मेट्रो मे पटरी बिछाने का काम मार्च से होगा शुरू | Neutral |



## पहली खेप रायगढ़ से राजधानी के लिए रवाना

# भोपाल मेट्रो में पटरी बिछाने का काम मार्च से होगा शुरू

भोपाल। भोपाल मेट्रो में पटरी बिछाने का काम मार्च से शुरू हो जाएगा। छत्तीसगढ़ के रायगढ़ से पटरी की पहली खेप भोपाल के लिए रवाना हो गई है। जिसके अगले सप्ताह की शुरुआत में पहुंचाने की संभावना है। इसके बाद सुभाष नगर डिपो और मेट्रो के ट्रेक पर पटरी बिछने का काम शुरू हो जाएगा। मेट्रो रेल के अधिकारियों के अनुसार सुभाष नगर डिपो में पटरियों को बिछाने के लिए गिट्टी और स्लीपर डालने की तैयारियां तेजी से की जा रही है।

**ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्टर पर हो रहे स्टेशन तैयार:** भोपाल मेट्रो के स्टेशन ग्रीन बिल्डिंग कॉन्सेप्ट पर तैयार हो रहे हैं। इनमें सोलर एनर्जी का उपयोग ज्यादा से ज्यादा किया जाएगा। इसके लिए स्टेशन के रूफ पर सोलर पैनल लगाए जाएंगे। बारिश के पानी को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के जरिए जमीन में डाला जाएगा। सुभाष नगर में मेट्रो के डिपो पर एसटीपी बनाया जा रहा है। वेस्ट



वॉटर को रिसाइकिंल करके मेट्रो की वासिंग में उपयोग किया जाएगा।

**मेट्रो को पटरी से मिलेगा करंट:** भोपाल मेट्रो में करंट के लिए थर्ड टेक्नोलॉजी का उपयोग किया जा रहा है। दरअसल रेल में पॉवर सप्लाई दो तरीके से दी जाती है। पहला ओएचई, जिसमें ऊपर कैबिल से पॉवर मिलता है। दूसरा पटरियों के बराबर से एक पटरी बिछाई जाती है। इससे करंट प्रभावित होता है। इससे ही मेट्रो को पॉवर मिलती है। इसे ही थर्ड टेक्नोलॉजी कहते है। इस टेक्नोलॉजी की लागत कम होने के साथ ही मेंटनेंस भी कम आता है। इसमें फाल्ट की संभावना भी कम हो जाती है।

**यहां बन रहे आठ रेलवे:** भोपाल में 30.95 किमी को मेट्रो ट्रेक प्रस्तावित है। इसमें से 7 किमी का प्रायोरिटी ट्रेक बनाया जा रहा है। इसमें सुभाष नगर से एम्स तक आठ मेट्रो स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसमें से सुभाष नगर, केंद्रीय विद्यालय, बोर्ड ऑफिस चौराहा, एमपी नगर जोन-2, रानी कमलापति, डीआरएम ऑफिस, अल्कापुरी और एम्स में आठ स्टेशन बनाए जा रहे हैं। इसमें से अप्रैल तक सुभाष नगर, बोर्ड ऑफिस चौराहा, एमपी नगर स्टेशन के सिवल कार्य पूरी तरह तैयार हो जाएंगे। रेलवे स्ट्रेशन को 6 डिब्बों के अनुसार तैयार किया जा रहा है। हालांकि शुरुआत में तीन-तीन डिब्बों के साथ ही मेट्रो दौड़ेंगी।